संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

28 जनवरी 2025, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 119

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## आरजी कर मामला : सीबीआई और बंगाल सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**कोलकाता ।** कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग करने वाली सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बार रशीदी की बेंच ने सोमवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

# महाकुम्भ को विदेसी संत बता रहें है सनातन की शक्ति

## जगद्गुरु साईं मां से प्रभावित होकर कई विदेशियों ने लिया संन्यास



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर ।** महाकुंभ में संतों का जमावड़ा लगा हुआ है। गंगा-जमुना-सरस्वती के संगम तट पर संत साधना में लीन हैं। एक से बढ़कर एक संतों के यहां दर्शन हो रहे हैं। कोई बेहद पढ़ा लिखा है तो कोई ध्यान में निपुण है। मेले में एक शिविर ऐसा भी है, जहां मुख्य महामंडलेश्वर से लेकर अन्य महामंडलेश्वर तक सभी विदेशी हैं। सनातन धर्म से प्रभावित होकर वह संन्यास ले चुके हैं। इनमें जापान, फ्रांस, अमेरिका, रूस और इजरायल के भी संत शामिल हैं। इसमें कई डॉक्टर, इंजीनियर और शिक्षक भी रह चुके हैं।

कुम्भ क्षेत्र में साईं मां का शिविर लगा है। मॉरीशस में एक हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मी साईं मां ने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया है। जगद्गुरु की उपाधि प्राप्त करने वाली 27 सौ वर्ष पुराने विष्णुस्वामी वंश की प्रथम महिला के रूप में साईं मां महाकुंभ में अपने शिष्यों और भक्तों के साथ मौजूद हैं।

साईं मां ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि वाराणसी में एक आश्रम स्थापित किया है। इसके अलावा यूएसए, जापान, कनाडा, यूरोप, इजरायल और दक्षिण अमेरिका में भी आध्यात्मिक केंद्र बनाया है। आध्यात्मिकता में पीएचडी के साथ कई बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर चुकी हैं। साईं मां के आदेश से कई शिष्यों ने आजीवन साधना और सेवा की प्रतिज्ञा ली है।

महाकुम्भ में साईं मां ने बहुत से विदेशियों को दीक्षा दी है। अभी भी उनके शिविर में 100 से ज्यादा विदेशी अलग-अलग देशों से आकर रुके हैं। वे कुम्भ के 45 दिन के कल्पवास को पूरे सनातन परंपरा के साथ जी रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उनके शिविर में एक दो नहीं बल्कि लगभग 12 महामंडलेश्वर मौजूद हैं। ये सभी विदेशी हैं। इनमें कोई इंजीनियर है तो कोई डॉक्टर, कोई साइकोलॉजिस्ट है तो कोई शिक्षक। सभी अपने फील्ड के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। सनातन और साईं मां से प्रभावित होकर उन्होंने अपना लक्ष्य बदल लिया।

## संतों के साथ गृहमंत्री शाह और योगी ने किया संगम स्नान



**महाकुंभ नगर ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचकर संगम में संतों के मंत्रोच्चार के बीच आस्था की डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह सोमवार को महाकुंभ के पवित्र स्नान के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचे। इससे पहले प्रयागराज पहुंचने पर शाह का हवाई अड्डे पर स्वागत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया। भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख भूपेंद्र चौधरी सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भी हवाई अड्डे पर शाह का स्वागत किया। दोपहर करीब 12 बजे शाह गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर अरैल स्थित वीआईपी घाट पहुंचे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के साथ शाह ने जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि जी महाराज और कुछ अन्य शीर्ष संतों के साथ एक तैरते हुए घाट पर बातचीत की।

## गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म नहीं होगी : खरगे



**इन्दौर/महू ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा नेताओं के महाकुंभ स्नान पर तंज कसते हुए कहा कि मैं किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता, लेकिन गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म नहीं होगी। उन्होने भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लते हुए कहा कि आरएसएस-बीजेपी देशद्रोही हैं। वो कहते हैं हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग मत ढूंढ़ो लेकिन लोगों को ऐसा करने के लिए उकसाते रहते हैं।

## अयोध्या में भारी भीड़, दो श्रद्धालुओं की मौत

**अयोध्या ।** अयोध्या में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। सोमवार को कतार में लगी एक महिला और पुरुष अचानक गिर पड़े। तत्काल पुलिस दोनों श्रद्धालुओं को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण भीड़ में दबाव के चलते हार्ट अटैक से बताया जा रहा है। अयोध्या में आज 10 लाख से अधिक लोग रामलला का दर्शन करने पहुंचे हैं। महिला की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी विमला (60) के रूप में हुई है। जबकि पुरुष की पहचान नहीं हो पाई है। ये दोनों लोग महाकुंभ से स्नान करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आए थे। यहां पर सुबह से लंबी कतार में लगे थे। दोपहर में 12 बजे के करीब दोनों अचानक गश खाकर गिर गए। ये देखकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत उनको श्रीराम अस्पताल पहुंचाया।

# गणतंत्र दिवस की परेड में कर्तव्य पथ पर दिखा भारत के स्वदेशी हथियारों का जलवा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** देश के 76वें गणतंत्र दिवस की परेड में कर्तव्य पथ पर भारत के स्वदेशी हथियारों का जलवा दिखा। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने समारोह का नेतृत्व किया। मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10? हजार विशेष अतिथि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, एकता, समानता, विकास और सैन्य शक्ति को प्रदर्शित करने वाले इस समारोह के साक्षी बने। 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' थीम पर 31 झांकियां निकाली गईं। पहली बार तीनों सेनाओं की झांकी ने सशस्त्र बलों के बीच एकजुटता और एकीकरण की भावना को प्रदर्शित किया। पहली बार कर्तव्य पथ पर 5,000 कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन किया। राज्य सरकारों की झांकियांइस वर्ष परेड में 16 राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के 10 मंत्रालयों, विभागों की झांकियों ने 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' को उजागर किया। इन झांकियों ने भारत की विविध शक्तियों और इसकी निरंतर विकसित होती सांस्कृतिक समावेशिता को एक शानदार भविष्य की ओर अग्रसर करती हुई प्रदर्शित किया। इस बार गोवा, उत्तराखंड, हरियाणा, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली और दादरा नगर हवेली और दमन और दीव की झांकियां परेड में शामिल हुईं। गणतंत्र दिवस परेड सुबह 10.30 बजे शुरू हुई और लगभग 90 मिनट तक चली। समारोह की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर देश के वीरों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।




# वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी की मंजूरी

## समिति ने 14 प्रस्तावों को किया मंजूर, विपक्ष के सारे प्रस्ताव खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** वक्फ बिल में बदलावों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सोमवार को मंजूरी दे दी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि इस फाइनल मीटिंग में सभी 44 संशोधनों पर चर्चा की गई। इनमें एनडीए सांसद के 14 सुझावों को मंजूरी दे दी गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी कुछ प्रस्ताव रखे, लेकिन वोटिंग के दौरान इन्हें नकार दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जॉइंटर पार्लियामेंट्री कमेटी बजट सत्र के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। वक्फ संपत्तियों को रेगुलराइज करने के लिए बने वक्फ एक्ट 1995 की मिस-मैनेजमेंट, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे मुद्दों के लिए आलोचना की जाती रही है। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक के बाद कहा कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठकों का यह दौर हास्यास्पद था। हमारी बात नहीं सुनी गई। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत की राय को प्राथमिकता दी गई।



# पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच की मांग, हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश

## दुमका और पाकुड़ जिले में लीज से ज्यादा कोयला खनन का आरोप




संवाददाता

**रांची ।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन विभाग के सचिव कोर्ट के आदेश पर सशरीर उपस्थित हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित होने पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था। उल्लेखनीय है कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

## भूमि अधिग्रहण याचिका पर मुख्य सचिव को अवमानना नोटिस जारी

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में भूमि अधिग्रहण विस्थापित और पुनर्वास किसान समिति की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि पूर्व के आदेश का अनुपालन किया गया है या नहीं। इस पर प्रार्थी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि अदालत के आदेश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए अदालत ने राज्य की मुख्य सचिव को अवमानना का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। याचिका में खनन विभाग में एक ही व्यक्ति को दो पदों पर रखने को नियम विरुद्ध बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।

## मनरेगा घोटाले : हाईकोर्ट जनहित याचिका निष्पादित कर बंद की

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई पूरी कर सोमवार को जनहित याचिका निष्पादित करते हुए मामला बंद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है।

# ओडिशा वॉरियर्स बनी ऐतिहासिक महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग की चैंपियन

## ओडिया ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर जीता खिताब




संवाददाता

**रांची ।** ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को हराकर महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। रविवार को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में वॉरियर्स ने सूरमा को 2-1 से हराया। रुतुजा दादासो पिसाल (20वें मिनट, 56वें मिनट) ने वॉरियर्स के लिए दोनों गोल किए, जबकि सूरमा के लिए पेनी स्क्विब (28वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

ओडिशा वॉरियर्स बनाम सूरमा हॉकी क्लब फाइनल मुकाबला शुरू से ही तेज़ गति से खेला गया। हॉकी टीम ओडिशा वॉरियर्स की फ्रीके मोएस ने पहली बार गेंद को सर्कल में पहुंचाया, लेकिन सूरमा हॉकी क्लब की डिफेंस ने उसे विफल कर दिया। इस दौरान, सूरमा ने धीरे-धीरे बॉल पज़ेशन पर पकड़ बनानी शुरू की। पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ। हालांकि, वॉरियर्स की नेहा ने रुतुजा पिसाल को गोल के सामने पास दिया, लेकिन सूरमा की अनुभवी गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव कर लिया।

दूसरे क्वार्टर में मिडफील्ड में टक्कर जारी रही, लेकिन विक्टोरिया सॉज़े के पास का डिफ्लेक्शन अचानक हाई हो गया, जिसका फायदा उठाते हुए रुतुजा पिसाल ने इसे सविता के ऊपर से नेट में डालकर वॉरियर्स को (1-0) बढ़त दिला दी। सूरमा ने बराबरी के लिए दबाव बनाया और क्वार्टर खत्म होने से दो मिनट पहले दूसरा पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। पेनी स्क्विब ने बेहतरीन ड्रैग फ्लिक के जरिए वॉरियर्स की गोलकीपर जोसेलिन बार्ट्रम को छकाते हुए स्कोर 1-1 कर दिया।

तीसरा क्वार्टर शुरू होते ही सूरमा ने आक्रामक खेल दिखाया। शार्लेट एंगलबर्ट और ओलिविया शैनन ने कई बार वॉरियर्स की गोलकीपर जोसेलिन बार्ट्रम को चकमा देने का प्रयास किया। सूरमा को पांच मिनट के अंदर पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, लेकिन ज्योति का शॉट डिफेंडर्स ने आसानी से रोक लिया। वॉरियर्स ने इसके बाद मैच पर पकड़ बनाने की कोशिश की, लेकिन तीसरा क्वार्टर भी बिना किसी गोल के समाप्त हुआ।

# साहिबगंज में युवक को मारी गोली

संवाददाता

**साहिबगंज।** बिहार के गदाई दियारा में सोमवार की रात 15 से 20 अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी।इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टर प्रशांत कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।घायल युवक बिहार के पीरपैंती के बकिया दियारा के रहने वाले नागेश्वर महतो का पुत्र लालू कुमार महतो(25) है। वहीं घायल यूवक के पिता नागेश्वर महतो ने बताया कि उसका पुत्र गदाई दियारा अपने मकई के खेत में पानी पटा रहा था। तभी 15 से 20 लोगो ने उसे वहां से कहीं ले जाकर मारपीट किया गया। इसका विरोध करने पर अपराधियों में से एक युवक ने गोली मार दिया।गोली युवक के कमर के ऊपर लगी।डॉक्टर डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि यूवक को पिलेट गोली लगी है।गोली घायल के कमर के ठीक ऊपर लगी है।डॉक्टर ने अंदेशा जताया कि गोली अंदर फंसा है।एक्सरे के बाद ही यह साफ हो सकेगा।पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई पुलिस अस्पताल पहुंचकर जांच में जुटी है।



## निशिकांत दुबे समेत 28 भाजपा नेताओं को सुप्रीम कोर्ट से राहत, झारंखड सरकार की याचिका खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट से झारखंड सरकार को झटका लगा है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने झारखंड हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें 2023 में एक विरोध प्रदर्शन को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और बाबुलाल मरांडी समेत 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था। जस्टिस एएस ओका ने झारखंड सरकार की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनों को रोकने के लिए बार-बार धारा 144 लगाने पर सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि ये प्रवृति ठीक नहीं है कि लोगों के प्रदर्शनों को रोकने के लिए धारा 144 लगाया जाए। ये एक खराब संकेत देता है।

# हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है : राज्यपाल

संवाददाता

**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को 76 वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा झंडा फहराया। इसके बाद राज्यपाल ने खुली जीप से सशस्त्र बल के परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार है- हमारा संविधान। आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों को भी नमन करता हूं। हमारा संविधान लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है, जो हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसका पूरा सम्मान करें क्योंकि संविधान किसी भी राष्ट्र की शासन प्रणाली का मजबूत आधार होता है। यह शासन की प्रकृति और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। इसी के माध्यम से विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना और उनके काम-काज के नियम निर्धारित किये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं। मैं झारखंड के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों और कर्तव्यों का निर्वह्न करें। हमारा संविधान अनेक शाश्वत मूल्यों को अपने-आप में समाये हुए है, जो हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।


राज्यपाल ने रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा झंडा फहराया

# स्वतंत्रता समानता हमारे संविधान की मूल भावना है : सीएम

संवाददाता

**दुमका ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर दुमका के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते कहा कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि
हमारी सरकार झारखंडवासियों की खुशहाली के लिए, यहां व्याप्त गरीबी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए, सदियों से शोषित एवं वंचित आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों के हक अधिकार के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। हम सामाजिक न्याय के साथ विकास के नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहे हैं, जिसकी चर्चा चारों तरफ है। झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और झारखंडी अस्मिता को कायम रखते हुए हम विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। आज से लगभग पांच महीने पहले हमारी सरकार ने झारखंड की बहनों-दीदियों की आर्थिक स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक क्रांतिकारी योजना की शुरूआत की थी।


हेमंत सोरेन ने दुमका पुलिस लाइन में तिरंगा झंडा फहराया

## सीएस ने बेटी बचाओ रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**दुमका।** सेव द गर्ल चाइल्ड कैंपेन कार्यक्रम के अन्तर्गत बेटी बचाओ रैली को हरी झंडी दिखाकर सिविल सर्जन, दुमका, डॉ बी पी सिंह द्वारा रवाना किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर सिविल सर्जन, दुमका की अध्यक्षता में सभी प्रखण्ड के स्वास्थ्य पदाधिकारियों की बैठक करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पूर्व में दी जा चुकी थी। कार्यक्रम 24.01.2025 से दिनांक 31.01.2025 तक पूरे राज्य में चलाने का निदेश प्राप्त है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, डॉ बी पी सिंह के अतिरिक्त डीपीएम राकेश आनंद, डीएएम रवीन्द्र कुमार सिंह, डीडीएम के डी सिंह, शैलेश कुमार, मृत्युंजय शांडिल्य, कमाल पिण्टू, आदि उपस्थित थे। सिविल सर्जन विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में दिनांक 24.01.2025 से दिनांक 31.01.2025 ÷सेव द गर्ल चाइल्ड कैंपेन÷ चलाया जाना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य लड़कियों के घटते लिंगानुपात को कम करने को लेकर समाज में जागरूकता पैदा करना है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर विभागीय निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## तपकरा में दो फरवरी को शहीद दिवस, बंद रहेंगे सभी पिकनिक स्थल

**खूंटी ।** तोरपा प्रखंड के तपकारा में दो फरवरी को आयोजित होनेवाले शहीद दिवस को लेकर कोईल कारो जनसंगठन की शीर्ष कमेटी की बैठक सोमवार को तपकारा के शहीद भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षत कमेटी के उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहीदों की स्मृति में दो फरवरी को मौन जुलूस निकाला जाएगा, जो शहीद स्थल से प्रारम्भ होकर तपकरा गांव का भ्रमण कर शहीद स्थल पर समाप्त होगी। इसके बाद शहीदों की कब्र पर पारम्परिक विधि विधान से पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और शहीद स्थल के समीप श्रद्धांजलि सभा होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि मौन जुलूस के समय तपकरा के व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। साथ ही शहीद दिवस के दिन डूब क्षेत्र के सभी पिकनिक स्थल चंचला घाघ, पेरवां घाघ और पांडूपुडिंग आदि बंद रहेंगे। बैठक में जोन जुरसेन गुड़िया, सहदेव बड़ाईक, मसीहदास गुड़िया, जीवन हेमरोम, अमृत गुड़िया, एरियल कंडुलना ।

### कर्पूरी लोहिया मंच के द्वारा कर्पूरी चौक पर झंडोत्तोलन

**देवघर ।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्पूरी लोहिया मंच के द्वारा देवघर के जननायक कर्पूरी चौक पर मंच के संस्थापक रमणिक ठाकुर संचालनकर्ता समाजसेवी ध्रुव प्रसाद साह और राजकुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी इस राष्ट्र पर्व के अवसर पर रमणिकांत ठाकुर ने सभी देशवासियों और देवघर जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई,समाजसेवी ध्रुव प्रसाद साह ने कहा की राष्ट्रीय एकता, अखंडता और शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी युवा योगदान दें,इस कार्यक्रम सफल बनाने में अनिल चंद्रवंशी, विपिन ठाकुर,सपन साह,जलेश्वर कुमार,अजीत कुमार एवं अनेकों पदाधिकारीगण महजुद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन



**रांची ।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन ने जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की। रघुवर दास ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ईशान किशन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ईशान किशन, झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान विराट सिंह और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी मोनू सिंह ने जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। मैंने उन्हें उनके सफल और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### देवघर एम्स ने मनाया वार्षिक खेल उत्सव - जोश 2.0



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर एम्स ने 23 से 25 जनवरी 2025 तक अपने वार्षिक खेल उत्सव जोश 2.0 को उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्रों, बीएससी नर्सिंग छात्रों और जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह 25 जनवरी को आयोजित किया गया, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी को कार्यकारी निदेशक, एम्स देवघर, प्रोफ॰ डॉ॰ सौरभ वार्ष्णेय की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस खेल उत्सव में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और साइक्लिंग जैसे विभिन्न आउटडोर खेल शामिल थे। कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस जैसे इनडोर खेलों ने भी प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एम्स देवघर क्रिकेट ग्राउंड पर एम्स देवघर की फैकल्टी और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू), देवघर के डॉक्टरों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में एम्स देवघर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 81 रनों से जीत हासिल की। यह मैच उत्साह और दोस्ती का प्रतीक बना और खेल भावना को बढ़ावा देने का माध्यम बना। आर्थोपेडिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष और अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. मनीष राज ने अन्य संकाय सदस्यों के सहयोग से खेल समन्वयक के रूप में इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान, एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक ने प्रतिभागियों की ऊर्जा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा, खेल छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सनातन वैदिक संघ के राष्ट्रीय सचिव ने किया झंडोत्तोलन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विश्व सनातन वैदिक संघ और द मार्वल फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से कालीका विहार स्थित संघ कार्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सुबह 9~30 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें झंडोत्तोलन विश्व सनातन वैदिक संघ के राष्ट्रीय सचिव लक्ष्मीकांत मालवीय, राष्ट्रीय महामंत्री रुद्र शंकर शर्मा और द मार्वल फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलखुश कुमार द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित संघ के धर्म प्रचारक कथावाचक श्री श्री चंदनानंद महाराज ने संबोधित करते हुए कहा ÷आज के दिन हमें हमारे पूर्वजों के बलिदान को याद करना चाहिए, जिनके प्रयासों से हमें संविधान और लोकतांत्रिक शासन प्रणाली प्राप्त हुई। युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ लोकतंत्र को बचाए रखने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।÷ द मार्वल फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलखुश कुमार ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र निर्माण और देशभक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री : बाबूलाल मरांडी

संवाददाता



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इरफान अंसारी जैसे लोगों को रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी सांप्रदायिक विचारधारा और फैसले सांस्कृतिक और धार्मिक विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। ताजा मामला सरस्वती पूजा को लेकर उठाए गए सवालों का है।

पोस्ट में आगे लिखा है कि सरस्वती पूजा कोई साधारण धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, यह हमारी शिक्षा, ज्ञान और संस्कृति की आत्मा है। यह वह परंपरा है जो पीढ़ियों से हमारे समाज को एक सूत्र में पिरोती आयी है। लेकिन आज इसे रोकने की कोशिशें हो रही हैं। सवाल यह है कि अगर आज सरस्वती पूजा पर आपत्ति की जा रही है, तो क्या कल हमारी संस्कृति और देवी-देवताओं के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए जाएंगे? मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि वे इस बेहद संवेदनशील मामले का खुद से संज्ञान लें। हालांकि बाद में रिम्स प्रशासन द्वारा पूजा की परमिशन मिलने की जानकारी मिलने पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, रिम्स प्रशासन ने रिम्स के डाक्टरों, छात्रों एवं वहां के जनभावना का सम्मान करते हुए सरस्वती पूजा का आयोजन नहीं करने देने का अपना आदेश अब वापस ले लिया है। अब वहां पहले से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए विधिवत सरस्वती पूजा का आयोजन होगा। शासन का यह कदम स्वागत योग्य है।

वहीं दूसरी ओर मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर, जब पूरा देश संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहा था, तब पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की सबसे बड़ी मूर्ति तोड़े जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस कायराना हरकत ने न केवल बाबा साहब के सम्मान को ठेस पहुंचाई, बल्कि भारतीय संविधान और दलित समाज का भी अपमान किया है। यह घटना सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी और इंडी गठबंधन की नीयत और बाबा साहब के प्रति उनकी कथित निष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पहुंचे झारखंड के प्रतिभागियों का संजय सेठ ने किया स्वागत

संवाददाता



**रांची/नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे झारखंड के प्रतिभागियों का रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपने आवास पर स्वागत किया। इनमें वैसे अतिथि भी शामिल रहे जिन्हें इस वर्ष कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इनमें विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रमुख सरकारी योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच शामिल थे, जिन्होंने 90त्न उपलब्धि हासिल की थी। मंत्री के आवास पर अभिनंदन कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणी के लोग शामिल हुए, जिनमें अपने पंचायत में उम्दा प्रदर्शन करने वाले गांव के सरपंच, जीवंत गांवों के अतिथि, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जल योद्धा, प्राथमिक कृषि ऋण (पीएसी) समितियां सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (कृषि सखी, उद्योग सखी आदि), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम पीएम यशस्वी योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त डीजीटी के प्रशिक्षु, वन और वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवक/श्रमिक, हस्तशिल्प कारीगर विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले और विभिन्न योजनाओं के आदिवासी लाभार्थी, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता), मन की बात प्रतिभागी, हथकरघा कारीगर, मन की बात प्रतिभागी, हैंडलूम कारीगर, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी, पीएम मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थी शामिल रहे।

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि नई दिल्ली में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए महत्वपूर्ण व्यक्तित्व और कलाकारों को एक साथ पाकर ऐसा लग रहा है, जैसे आज झारखंड दिल्ली में उतर आया हो। रक्षा राज्य मंत्री ने इन सबके उपलब्धियां की सराहना की और कहा कि आप सभी झारखंड के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

## पूर्व एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर थाना पहुंचे परिजन

**हजारीबाग ।** हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर पत्नी अनीता देवी की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। मृतका के भाई राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को महिलाओं ने लोहसिंघना थाना में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विरोध स्वरूप सिर पर लाल रिबन बांधा था। घटना पिछले महीने की है। जब सरकारी एसडीओ आवास में आग लगने से अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें एसडीओ अशोक कुमार पर अपनी बहन को जलाकर मारने का आरोप लगाया है। राजू कुमार गुप्ता ने पूर्व में भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि एसडीओ के अवैध संबंध इस घटना का मुख्य कारण है।

## एसबीयू में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर कार्यशाला शुरू



संवाददाता

**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ। विवि परिसर में आयोजित हो रही इस कार्यशाला में दर्शक खगोलीय जानकारी से रूबरू होने के अलावा रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन भी कर पाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर विशेषज्ञ प्रखर जैन ने खगोलीय रहस्यों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों व शिक्षकों के सवालों का विशेषज्ञ प्रखर जैन ने जवाब भी दिया। कार्यशाला के पूर्व अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों की चर्चा की। उन्होंने इसपर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारे स्पेस रिसर्च में लगातार हो रही प्रगति का ही परिणाम है कि आज चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर दुनिया दांतों तले उंगली दबा रही है। आज के दौर में लोगों की आकाशगंगा और अन्य खगोलीय घटनाओं पर बढ़ रही रुचि की भी उन्होंने चर्चा की। एसबीयू को रिसर्च यूनिवर्सिटी में तब्दील करने और क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के विवि परिवार के प्रयासों की भी उन्होंने जानकारी दी। अपने संबोधन में विवि के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे पूर्वजों के योगदान पर विस्तार से बताया। इस क्रम में उन्होंने प्राण, गति और मुहूर्त के साथ खगोलीय घटनाक्रमों के संबंधों पर प्रकाश डाला। आधुनिक विज्ञान और रूढ़िवादी मान्यताओं पर भी उपस्थित श्रोताओं को उन्होंने जानकारी दी।

### हिन्दू नववर्ष पर झांकी निकाली जाएगी



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** हिंदू नववर्ष आयोजन समिति देवघर की एक बैठक स्थानीय होटल सिद्धार्थ में आयोजित की गई,बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया पुराना कमेटी को भंग कर दी गई,और नई कार्यकारणी का गठन आगामी बैठक दिनांक 12 फरवरी को किया जाएगा। साथ ही निर्णय लिया गया की हर वर्ष की तरह इस बार भी हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को भव्य झांकी निकाला जाएगा,वार्ड समिति का गठन किया जाएगा सभी संगठन को भी आमंत्रित किया जाएगा साथ ही सभी महापुरुषों के प्रतिमा का माल्यार्पण किया जायेगा और सजाया जाएगा। बाहर से बैंड बाजा और कलाकार शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में फरवरी से शहर के बजरंगबली मंदिर में कीर्तन किया जायेगा और पुजारियों को भी यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जायेगा। इसमें सभी सामाजिक संगठन के एक महापुरुषों का झांकी निकाला जाएगा और यात्रा के एक दिन पूर्व टावर चौक पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी और पूरा बाजार को ध्वज से सजाया जाएगा और शिव और राम धुन से गुंजायमान होगा। बैठक में आशीष झा, कन्हैया झा,पीयूष पांडेय,मनोज मिश्रा,चंद्र शेखर खवाड़े,सचिन सुल्तानिया, विजया सिंह,बिट्टू पाण्डेय,विजय पाण्डेय,पवन टमकोरिया,,सोना धारी झा,नवीन शर्मा,सूरज झा,मौजूद थे।

## सीसीएल में पांच दिवसीय 'अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ



**रांची सं ।** केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आज सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित 'उमंग सभागार' में पांच दिवसीय 'अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 27 से 31 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सेन्?ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में प्रशासनिक दस्तावेजों का प्रभावी और सरल अनुवाद सुनिश्चित करना, पारिभाषिक शब्दावली का सटीक उपयोग करना, और अनुवाद कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा, ÷आज कार्यालयीन कार्यों में अनुवाद एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। हमें हिंदी को वाणी से कलम तक ले जाने के प्रयासों को बढ़ाना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्मिकों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यालयीन हिंदी के प्रगामी प्रयोग को भी प्रोत्साहित करेगा। मेरा सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि वे इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं, अपने कर्तव्यों को समझें और इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें। कार्यक्रम के पहले सत्र में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय से आए सहायक निदेशक श्री जनवारियुस तिर्की और कोलकाता केंद्र से आए सलाहकार श्री प्रभुनाथ दत्त झा ने संघ की राजभाषा नीति और कार्यालयीन अनुवाद की मूलभूत प्रक्रियाओं पर व्याख्यान दिया।

## जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ आज से अपनी मांगों को लेकर करेगा अनशन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला शाखा के द्वारा आज से सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन का आयोजन किया गया है .यह अनशन मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा भले ही जान भी चली जाए. महत्त्वपूर्ण मांगें 1.मनीष कुमार सिंह को सिविल सर्जन कार्यालय से हटाया जाए या फिर सभी स्थानांतरित लोगों को वापस किया जाय. 2.दस साल की नियमित सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को ए सी पी/एम ए सी पी का लाभ देते हुए नियमावली के अनुरूप प्रोन्नति दिया जाय. 3.डी एम एफ टी मद से नियुक्त तीस कर्मचारियों को ग्यारह महीने के बकाया मानदेय का भुगतान 4.शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत दर्जनों कर्मचारियों के नौ महीने के बकाया मानदेय का भुगतान. 5.एक वर्ष के अनुबंध पर कार्यरत नौ पारा मेडिकल कर्माचारियों के छह महीने से बकाया मानदेय का भुगतान. 6.निकट सेवा निवृत्ति, गंभीर बीमारी से ग्रसित एवं अन्य परेशानियों से स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के लिए दिए गए आवेदन पर प्राथमिकता के आधार पर विचार. 7.एन एच एम में कार्यरत कुछ कर्मचारियों के पूर्व के आउट सोर्सिंग में किए गए ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**दुमका ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय दुमका में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत ने तिरंगा फहराकर उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं। राष्ट्रगान के साथ परिसर में देशभक्ति के जयघोष गूंज उठे। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की याद दिलाता है।

## मालवाहक ट्रक ने चार को कुचला, दो की मौत

**गिरिडीह ।** जिले देवरी थाना इलाके के मंडरो और चितरोकुरो में सिमेन्ट लोडेड एक ट्रक ने चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बच्चें सहित दो लोगों की मौत हो गयी। आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी । हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला । घटना सोमवार दोपहर की है । ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है। जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया । इस घटना में बच्चे की मौत हो गई। मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था । घटना उस वक्त घटी जब पिता - पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे। घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा। भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया। दुर्घटना की जानकारी के बाद दोनों स्थानों पर पुलिस पहुंची और ट्रक में लगी आग को बुझाने के प्रयास किया। दूसरी तरफ लोगों ने मंडरो में सड़क को घंटो जाम कर दिया । मौके पर पहुंचे एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि ट्रक के धक्के से एक बच्चे और एक व्यक्ति की मौत हुई है। दो लोग घायल है। आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी थी। आग पर काबू पा लिया गया है। आक्रोशित लोगों को समझाने के बाद सड़क जाम भी हटा लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## रौनियार वैश्य परिषद ने गणतंत्र दिवस पर किया झंडोत्तोलन



**दुमका ।** 26 जनवरी को रौनियार वैश्य परिषद दुमका जिला के निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार साह ने अपनी नई टीम के साथ स्थानीय हदहदिया पुल के निकट स्थित धर्मशाला परिसर कार्यालय में झंडोतोलन कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें समाज के प्रबुद्ध रौनियार महिला पुरुष ने सैकड़ों की संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज साह के साथ परिषद के सचिव संजय कुमार साह ,कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जी,वरिष्ठ सदस्य किशोर प्रसाद साह,गोपाल प्रसाद साह,जीतेन्द्र कुमार साह, अशोक भगत,रामसुंदर भगत, अशोक साह,इंजीनियर अशोक सतेन्द्र कुमार मुन्ना, विजय कुमार मोनू अमित कुमार (एडवोकेट) मनोज साह, बसंत साह,,दिग्विजय साह अनूप कुमार राजकिशोर साह,मदन गुप्ता राजू साह महिला मोर्चा की पूनम भगत, किरण गुप्ता सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

## अधिवक्ता विक्रमादित्य के मकान का ताला तोड़ की चोरी

**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र के ककनीया गांव में बंद पड़े मकान का ताला तोड़ चोरी करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर दुमका के एक दैनिक अखबार के पत्रकार सह अधिवक्ता विक्रमादित्य ने सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर कहा है कि 26 जनवरी को जब वे ककनीया स्थित आवास पहुंचे तो बाहर के गेट का ताला लगा हुआ था लेकिन अंदर के सभी दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। उन्होंने अपने लिखित आवेदन में बताया है कि उनके घर से एक गैस स्लेंडर रेगुलेटर सहित गायब था। साथ ही दो गोदरेज और सात बक्सों का ताला तोड़ कीमती सामानों की चोरी कर ली गई है। इसके अलावा करीब पांच किलो वजन के कांसे की बर्तन की भी चोरी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही सरैयाहाट पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई। मामले को लेकर थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है, जल्द ही चोरी की घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड में स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय है। पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल को अभिभावकों ने भी हाथों हाथ लिया और पिछले साल लगभग सभी जगह बड़ी संख्या में नामांकन हुए । इस वर्ष भी इसमें नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन के लिए दिए गए लिंक पर जाकर आवेदन दिया जा सकता है। सीबीएसई पैटर्न पर चलते हैं सभी स्कूल मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पूरी तरह सीबीएसई पैटर्न पर चलाये जाते हैं। प्रथम चरण में 80 स्कूल सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इनकी संख्या चार हजार 496 तक की जाएगी। इस विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर योग्य शिक्षकों के चयन तक में खास ख्याल रखा जाता है। हर स्कूल में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ छात्रों के शारीरिक विकास के लिए हर विद्यालयों में खेलकूद की पूरी सुविधा की गयी है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन जमा करने की तारिख 20 जनवरी, 2025 से 10 फरवरी, 2025 तक रखी गयी है। इस सूचना के बाद अभिभावकों में खासा उत्साह है।

## स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी साधनी टुडू को बीडीओ ने शॉल देकर किया सम्मानित



**रानीश्वर (दुमका)।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पायका मुर्मू की पत्नी साधनी टुडू को प्रखण्ड विकास प्रदाधिकारी रानीश्वर राजेश कुमार सिन्हा ने अपने पत्नी के साथ प्रखंड के कदमा गांव पहुंच कर स्वर्गीय पाईका मुर्मू के पत्नी से भेंट किया । उन्हें 76वीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर शॉल देकर सम्मानित किया गया। स्व मुर्मू आजादी की लड़ाई में गरम दल के साथ जुड़ कर संथाल परगना क्षेत्र में लोगों को जागरुक करने का कार्य करते थे । आजादी के बाद वह विधायक बने थे।

## गुमला में 3 फरवरी को आयोजित होगा सिरा सीता राजकीय जतराः कल्याण मंत्री

**गुमला ।** राज्य सरकार के अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुमला जिले में सिरा सीता राजकीय मेला,जतरा के आयोजन की तिथि की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह पवित्र मेला सिरसी-ता-नाले (दोन) दव डहरे एकना राजकीय समारोह तीन फरवरी को आयोजित होगा।कल्याण मंत्री ने बताया कि यह निर्णय धार्मिक मान्यता और माघ पंचमी के शुक्ल पक्ष के दिन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अब से सिरा सीता मेला का आयोजन प्रतिवर्ष इसी तिथि पर किया जाएगा। उन्होंने गुमला जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि मेले की तैयारियों को पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।ज्ञातव्य हो कि गुमला जिले के डुमरी प्रखंड अंतर्गत अकासी पंचायत स्थित सिरा सीता को झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा राजकीय मेला,जतरा का दर्जा प्रदान किया गया है। इससे पहले यह मेला 5 और 6 फरवरी को आयोजित होने वाला था, लेकिन इसे अब 3 फरवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।कल्याण मंत्री ने कहा कि इस मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इस हेतु श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सेवाएं, यातायात प्रबंधन और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राज्य के नागरिकों से इस पवित्र मेले में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। श्री लिंडा को जानकारी दी गयी कि मेले में रांची से अतिथियों का पद यात्रा कर आगमन होगा, जिससे मेले की गरिमा बढ़ जाएगी।

# डीसी ने सिदो कान्हो स्टेडियम में किया झंडोत्तोलन, इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन



**साहिबगंज संवाददाता।** गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में जिला के डीसी हेमंत सती ने सभीको शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि संविधान किसी भी स्वतंत्र देश की आत्मा होती है।भारत राष्ट्र के नागरिक के रूप में हमारे अधिकार,कर्तव्य,संवैधानिक संस्थाओं की कार्य प्रणाली, दायित्व सहित राष्ट्र निर्माण व संचालन की आधारशिला इसी संविधान पर आधारित है। इसी संविधान द्वारा नागरिकों की आकांक्षाओं व सभी को समान सामाजिक और आर्थिक अवसर व अधिकार प्रदान करने की कल्पना को मूर्त रूप दिया है। उन्होंने कहा कि मैं सभी साहिबगंज जिलावासियों की ओर से अमर शहीद सिद्धो-कान्हू, चॉद-भैरव एवं फुलो-झानो तथा अपने राष्ट्रनायकों और स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ, जिनकी कुर्बानी/बलिदान ने राष्ट्र को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश एवं राज्य के समक्ष कई चूनौतियाँ है,जिनका सामना हमें सामूहिक सहभागिता एवं सहयोग से करना है।मुख्यतः समाज से गरीबी,अशिक्षा एवं विभिन्न कुरूतियों को समाप्त करने के लिए हम सबों को सतत् प्रयत्नशील रहना है।कहा कि जिला में दो महत्वपूर्ण परियोजना यथा साहेबगंज मनिहारी गंगा नदी सड़क पुल निर्माण एवं मिर्जाचौंकी से फरक्का तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 80 फोर लेन सड़क निर्माण योजना में तेजी से कार्य चल रहा है।दोनों योजना पूर्ण होने पर जिला का विहार-बंगाल एवं पूर्वोत्तर भारत से आवागमन सुविधाजनक होने के साथ-साथ समय एवं धन की बचत होगी।ग्रामीण विकास से संबंधित मनरेगा योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना,वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं जनमन आवास योजना का लाभ लक्षित वर्ग के लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही विभिन्न आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत अन्य विकास योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग से जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान, मुख्यमंत्री कालाजार उन्मूलन योजना, निक्षय पोषण योजना व मुख्यमंत्री गंभीर बिमारी योजनान्तर्गत छः हजार आठ सौ एक लाभुकों के बीच चार करोड़ सैतालीस लाख सत्तर हजार एक सौ सैतालीस) रू0 वितरण किया गया है।ई-संजीवनी योजना से सताईस हजार चार सौ छः) मरीजों, नियमित टीकाकरण अभियान के तहत् बाईस हजार तीन बच्चो को पूर्ण प्रतिरक्षण एवं पोलिया चक्र के दौरान दो लाख चौसठ हजार एक सौ छियासठ बच्चों को पोलियो की खुराक से लाभान्वित किया गया है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन व दलहन) अन्तर्गत अनुदान पर बीज का वितरण 834 कृषकों के बीच किया गया है। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अन्तर्गत चार हजार एक सौ इकावन) कृषकों का आवेदन स्वीकृत कर कुल चौबीस करोड़ छिहत्तर लाख उन्चास हजार रू0 कृषि ऋण आवंटित किया गया है।उद्योग विभाग द्वारा 52 योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया है।पुलिसकर्मियों के लिए 400 बेड का बैरक, महिला थाना भवन तथा एस0सी0 / एस0टी0 एवं अहतु थाना संयुक्त भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## दो अभियुक्त को भेजा जेल

**उधवा।** राधानगर पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग अलग जगहों में छापेमारी कर थाना में दर्ज विभिन्न कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी गांव के अप्राथमिकी अभियुक्त साधारूल शेख के विरुद्ध वर्ष 2020 में एक मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जबकि दूसरे मामले में हरेराम टोला के पिका कुमार के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज है। उसके घर से चोरी का सामान पुलिस को हाथ लगी है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर अलग अलग जगहों में छापेमारी कर दोनों अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## कस्तूरबा सहित विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुंडहित सहित मध्य विद्यालय लायकापुर, उच्च विद्यालय बागडेहरी, सुद्राक्षीपुर,खजुरी, सिंदु कान्हु मॉडल विद्यालय, संत माइकल एंग्लो विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले रजा, सीओ सीताराम महतो, प्रमुख रामकिशोर मुर्मू , जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा एक से एक नृत्य संगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सिद्धू कानू मॉडल विद्यालय के स्कूली छात्रा-छात्राओं ने एक से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।मौके पर बीडीओ जमाले रजा ने कहा यह धरती वीर सपूतों की धरती है। उन सपूतों की बलिदान के बाद हमें आजादी मिली है। उन महापुरुषों को सलामी देकर भारत माता की तीन रंग की तिरंगा लहरा रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कस्तूरबा की छात्राओं ने जो प्रतिभा प्रस्तुत की है इसे देखकर हम सभी का मन मोह लिया छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रतिभा का परिचय दिया। अब महिलाएं घर से बाहर निकल रही है तो खुद शिक्षित बनने के साथ-साथ परिवार को भी शिक्षित बना रही है उन्होंने सभी छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने तथा पढ़ाई के साथ-साथ अपने प्रतिभाओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रमुख रामकिशोर मुर्मू , पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल ने कहा जो संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया उसे हमें नहीं यहां उपस्थित सभी को बहुत ही अच्छा लगा।उन्होंने शिक्षिकाओं के साथ छात्राओं को और भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर विद्यालय के वार्डन चौताली दास, पूर्व वार्डेन पारुल माजी ,आरती प्रसाद, सोनाली हेम्बरम,काबेरी माजि ,सहित काफी संख्या में शिक्षिका एंव छात्राओं उपस्थित थे।

## होटल से वृद्ध का शव बरामद

साहिबगंज बीते रविवार को जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित आकाशगंगा होटल से पुलिस ने जतनलाल पासवान नामक वृद्ध का शव बरामद किया है।मामले को लेकर मिक्कू कुमार जो कि होटल संचालक है,ने बताया कि दोपहर करीब 12 से एक के बीच जतनलाल होटल की सीढ़ी के नीचे गिरे पड़े थे।तब उन्होंने वृद्ध जानकार उनसे पूछताछ की तो पता चला कि वे उनके पड़ोसी है,और बीमार अवस्था में है।जिसके बाद मिक्कू ने उनको आराम देने हेतु अपने आरामगाह में ले जाकर सुला दिया। जिस क्रम में उन्हें आभास हुआ कि वृद्ध ने शराब पी रखीं है।वही देर शाम को जब मिक्कू ने उनको जाकर देखा तो वे दो पलंग के बीच गिरे पड़े थे और बिस्तर पर उल्टी भी कर रखी थीं।जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी कुलीपाड़ा निवासी मृतक के भाई रतनलाल के और पुलिस को दी। वही मामले की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ होटल पहुंचे तो पाया कि वृद्ध मरे पड़े है।तदोपरांत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव परीक्षा हेतु अस्पताल भिजवाते हुए मामले की छानबीन में जुट गए।

## शान से लहराया तिरंगा,दी गई सलामी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा(पाकुड़) गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रखंड परिसर स्थित विरासत स्मारक में प्रखंड प्रमुख जुहीप्रिया मरांडी ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसफ़ अहमद खां, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा, प्रखंड सह अंचलकर्मियों सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों के ने एक स्वर में राष्ट्रीय गान गाकर शौर्य के साथ झंडे को सलामी दी। वहीं थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद पंजाब स्टेट पवार कॉर्पोरेशन लिमिटेड(पीएसपीसीएल) के आमिरजोला स्थित कार्यालय राकेश सिंह ने तिरंगा फहराया। वहीं डीबीएल कार्यालय में एवीपी ब्रजेश कुमार ने तिरंगे को सलामी दी। साथ ही प्रखंड के सभी पंचायत कार्यालयों, सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिक्षण संस्थानों, बैंक सहित राजनीतिक पार्टी कार्यालयों में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी गई। साथ ही पोखरिया रोड स्थित ड्रीम मेमोरियल स्कूल में झंडोत्तोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिलीप सिंह ने किया झंडातोलन

साहिबगंज बाबू वीर कुंवर सिंह मंच साहिबगंज के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा के नजदीक सुबह 9¬30 बजे दिलीप कुमार सिंह ने झंडा उत्तोलन किया। उक्त मौके पर सुनील सिंह, नरेश सिंह,जंग बहादुर ओझा,मदन कांत, मणि सिंह, गौतम सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, बबलू सिंह ,सुनील सिंह, सहित दर्जनों बाबू वीर कुंवर सिंह मंच के सदस्य गण उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।बीते शनिवार देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के आलूबेड़ा पंचायत के चिलगो गांव में कनगोई मरांडी के साथ गांव के ही रमेश मुर्मू ने गाली गलौज और मारपीट की। मारपीट की घटना को लेकर कनगोई मरांडी रविवार को सुबह थाना पहुंचा और रमेश मुर्मू के खिलाफ मामला दर्ज कराया। आवेदन के अनुसार कनगोई मरांडी और रमेश मुर्मू के बीच शनिवार देर शाम को कोयले की आग लगा कर ढंड के कारण आग ताप रहे थे। इसी बीच दोनों के बीच कहा सुनी होने लगी और गाली गलौज करते हुऐ रमेश मुर्मू ने कनगोई मरांडी को आग में धकेल दिया जिससे कनगोई मरांडी के शरीर के पीछे का अंग आग से झुलस गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया इसके बाद कनगोई मरांडी ने थाना पहुंच कर आवेदन देकर रमेश मुर्मू के ऊपर मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि मारपीट के मामले में रमेश मुर्मू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बाल श्रमिक एवं बाल विवाह होने पर तुरंत दे प्रखंड में सूचना : बीडीओ

**कुंडहित (जामताड़ा)** सोमवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में बाल विवाह बाल श्रमिक को लेकर एक दिवसीय बाल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मोके पर बीडीओ जमाले रजा ,महिला पर्यवेक्षक प्रीतिलता किस्कु, जिला समन्वयक शालिनी कुमारी, बनवास विकास समिति के साधना गोराई उपस्थिति।इस दौरान बीडीओ उपस्थित आंगनबाड़ी सेविकाओं को जानकारी देते हुए कहा आज की बैठक में मुख्य बिंदु रहा बाल विवाह, बाल श्रमिक। गांव देहात में अधिक समय देखा जाता है जो बच्चियां स्कूल छोड़ देती है । ऐसे बच्चियों को माता पिता ने जल्दी-जल्दी शादी करा देते हैं। हमें विद्यालय से छोड़े वैसे बच्चियों को तलाश करना है जो कुछ दिनों से विद्यालय छोड़ दी है। वैसे बच्चियों को उन विद्यालय से जोड़ने की काम करना है । इसके लिए सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 112/ 100 जारी किया गया। आपके क्षेत्र में अगर बाल विवाह हो रहे हैं तो आप टोल फ्री नंबर फोन कर जानकारी। वही जो बच्चे विद्यालय नहीं जाते हैं और बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। वैसे बच्चों को तलाश करना है। इस मौसम में ईंटा भट्ठो,होटल , धब्बे पर छोटे-छोटे बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम करते हुए देखा जाते हैं। वैसे बच्चों को तलाश करना है।इसके लिए टोल फ्री नंबर 1098 फोन कर स्थानीय पदाधिकारी को जानकारी दे सकते हैं। वही किसी तरह महिला दुर्व्यवहार, छेड़खानी, आदि शिकायत मिलने पर 181 तथा दुर्घटना होने पर 108 नंबर पर फोन कर जानकारी दिया जा सकता है। सभी सेविकाओं को जानकारी देते हुए बताया अपना क्षेत्र में इस तरह की घटना होने पर मुखिया, पंचायत समिति एवं प्रखंड जानकारी दिया जाए। मौके पर उक्त अधिकारी के अलावे अधिकांश सेविका उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

साहिबगंज जिले के तालझारी -तीनपहाड़ तालझारी मुख्य सड़क के मदनसाही गाँव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना होने से दो लोग गंभीर रूप घायल हो गया.जानकारी के अनुसार सोमवार को लगभग दोपहर तीन बजे तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगांवा निवासी संतोष कुमार तांती अपने दोस्त विक्रम रक्षित के साथ तालझारी आ रहा था। इसी दौरान मदनसाही पुल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो दुर्घटनागस्त हो गया।जिसके कारण संतोष कुमार का सर में गभीर फट गया और विक्रम रक्षित के माथे एंव दाहिना हाथ में काफी चोट लगा। घटना की सुचना लालमाटी के डब्लू यादव के द्वारा ओम प्रकाश पंडित उर्फ बाबा को दी गई। घायल को एम्बुलेंस से तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका इलाज डा रंजन कुमार के देखरेख में किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में हैप्पी चाइल्ड पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा

**संताल एक्सप्रेस**



अमड़ापाड़ा(पाकुड़)गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अभिनव मंडप में दोपहर एक बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख जुहीप्रिया मरांडी, बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसाफ़ अहमद खां एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रखंड के कई सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे-बच्चियों ने भाग लेकर अपने नृत्य कला, नाट्य कला का प्रदर्शन किया। जिसे मौके पर मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं कन्या मध्य विद्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नृत्य कला, भाषण प्रतियोगिता, नाट्य कला, ग्रुप डांस में अपनी कला का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रखंड के निजी विद्यालय हैप्पी चाइल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा। विद्यालय को सभी वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने पर हैप्पी चाइल्ड स्कूल की छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में समूह नृत्य एवं नाट्य कला में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र पाल, डायरेक्टर पंकज कुमार सहित दर्जनों की संख्या में बच्चों के अभिभावक, प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## हेमलाल ने महापुरुषों को किया नमन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



अमड़ापाड़ा(पाकुड़)लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू क्षेत्र भ्रमण के दौरान अमड़ापाड़ा पहुंचे। इस दौरान बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता और सीओ ओसाफ अहमद खां ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने विरासत स्थल में स्थित महात्मा गांधी, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, और डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वहीं प्रखंड कार्यालय मेंविधायक के लिए बनाए गए कार्यालय का उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बीडीओ और सीओ को क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## बरहरबा में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**संथाल एक्सप्रेस बरहरवा।** ¬प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में रविवार को बड़ी ही धूम धाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया.गैर सरकारी एवं सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों दुवारा सुबह से ही मार्चपास्ट कर नगर का भ्रमण किया है वही सरकारी कार्यालयों में जैसे प्रखंड मुख्यालय में वीडियो सनी कुमार दास, नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी, जीआरपी थाना में थाना प्रभारी विमल आरपीएफ बैरक में इंस्पेक्टर संजीव कुमार सिंह, बरहरवा अनुमंडल पुलिस कार्यालय में सीडीपीओ नितिन खंडेवाला,बरहरवा थाना परिषर में थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह एवं बरहरवा प्रेस क्लब कार्यालय में अध्यक्ष दीपक आन्नद ने सम्मन के साथ झंडा फहराया। वहीं दूसरी और बरहरवाल नागरिक मंच के विवेकानंद क्रीड़ांगन में 10 ¬10 मिनट में प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने झण्डारोहण किया ,साथ ही स्कूली छात्र छात्राओं के दुवारा देश भक्ति गान पर तरह तरह के नृत्य व कला प्रदर्शन पेश किया,वही नागरिक मंच में हुए कार्यक्रम में पुरुस्कार वितरण निम्न प्रकार है, मार्च पास्ट प्रथम कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय, द्वितीय ऋषि मिशन तृतीय डी पी एस स्कूल, संगीत कार्यक्रम प्रथम मध्य विद्यालय चांदपुर, द्वितीय ऋषि मिशन, तृतीय कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय अतिरिक्त संगीत कार्यक्रम प्रथम एस एन डांस ग्रुप पाकुड़, द्वितीय यू डी सी डांस ग्रुप, बरहरवा तृतीय टेक्निक डांस ग्रुप के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी सनी कुमार दास के दुवारा पुरस्कार वितरण किया गया।

## एसडीपीओ ने जिरवाबाड़ी थाने का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने सोमवार को जिरवाबाड़ी थाना का निरीक्षण करते हुए केस री-व्यू किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी सहित सभी अनुसंधानकर्ताओं से लंबित मामलों, मामलों में प्रगति, अनुसंधान के चरण, अंतिम अनुसंधान रिपोर्ट व अब तक निपटा लिए गए सभी केस की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों को निपटाने व अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में किया झंडोत्तोलन



**संताल एक्सप्रेस उधवा।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में रविवार को उधवा प्रखंड के सरकारी कार्यालयों,पंचायत सचिवालयों, सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों व पार्टी कार्यालय में धूमधाम के साथ राष्ट्रध्वज फहराया गया। इस अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख स्टेनशीला सोरेन, बीआरसी कार्यालय में बीपीओ दीपक कुमार मंडल, राधानगर थाना में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने शान के साथ झंडा फहराया। तत्पश्चात झंडोतोल्लन के बाद झंडे को सलामी देकर राष्ट्रगान प्रस्तुत की गई। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय पर मुखिया, पंचायत सचिव, विद्यालयों में प्रधानाध्यापक व अन्य स्थानों पर संस्थानों के प्रमुख ने तिरंगा फहराया और सलामी दी।इस दौरान देश के संविधान के प्रति विश्वास जताते हुए संकल्प लिया गया। बताया गया है सदियों की गुलामी के बेड़ी से मुक्त होकर देश को अपना संविधान मिला तथा देश लोकतंत्र को मजबूत किया।मौके पर बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार, सीआई दारा पासवान, जीपीएस बलराम दास, वैद्यनाथ ठाकुर,राजेश आदि उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में सहिया की मौत,परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** ।जिले के बड़े सदर अस्पताल में आए दिन लापरवाही का मामला प्रकाश में आते हैं।जहाँ सोमवार को एक महिला मरीज की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया।परिजनों ने डॉक्टर व अस्पताल प्रबंधक लापरवाही का आरोप लगाया है।मृतका कबूतरखोपी की रहने वाली रीना देवी (40) सहिया थी। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सुबह करीब सात बजे महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया है।परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर ने कूछ इंजेक्शन,सलाइन व नींद की दवा दी गई। इसके बाद आधा बोतल सलाइन चढ़ने तक महिला की मौत हो गई।परिजनों ने इसपर निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बूरा हाल है। उधर डॉक्टर ने बताया कि महिला को पेट में दर्द था। इंजेक्शन भी दिया गया था।इंजेक्शन लगने के बाद महिला को आराम हो गया था। कुछ देर बाद फिर महिला बेचैन होने लगी जिसपर अल्ट्रासाउंड करने के लिए बोला गया था। चुंकि पेट में दर्द भी था।उसका इलाज सही ढंग से किया गया है।हो सकता है कि खून की कमी से महिला की मौत हुई होगी।रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण बताया जा सकता है।

## हेल्पिंग हैंड्स संस्था द्वारा किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम




**साहिबगंज।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हेल्पिंग हैंड्स संस्था के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नमामि गंगे घाट पर किया गया।इसके उपरांत गंगा आरती का भव्य आयोजन संस्था के द्वारा किया गया।संस्था के संस्थापक अभिदिष्ष प्रशांत सागर ने बताया कि ÷गंगा कला संगम÷ एक प्रयास है,गंगा और कला को पटल पर लाकर लोगों को गणतंत्र दिवस,गंगा के संरक्षण और कला का उत्साहवर्धन के अवसर प्रदान करने के लिए।इस असर पर कविता,पाठ,नाटक,नृत्य,गायन,चित्रांकन सहित कई विषयों पर कार्यक्रम का किया गया था। 21 कार्यक्रम बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम का मंच संचालन भगवती रंजन पांडे ने किया।इसके उपरांत गंगा आरती का आयोजन किया गया।संस्था द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को गंगा आरती आयोजित की जाती है।इस अवसर पर राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन शामिल हुए।उन्होंने संस्था के लोगों से गंगा के संरक्षण के प्रति कार्य की प्रशंसा को और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की।इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव आनंद ठाकुर,कोषाध्यक्ष मुदित,निर्देशक शुभम तिवारी,फोरम लीडर्स अमन,पूजा,लैला,कार्यकम संयोजक अनंत सिन्हा,सदस्य रवि शंकर,अभिनव,ऋषभ, शिबू,अभिषेक,ऋतिक,सुनिधि,खुशी,ज्योति,नायशा,पायल आदि के आलावे कई लोग मौजूद थे।

## टीएलएम प्रदर्शनी का डीईओ ने किया उद्घाटन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया सम्मानित



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान(डायट) बरहेट,साहेबगंज के तत्वाधान में पीएम श्री नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया।जिसमें साहेबगंज जिले के वर्ग 1-8 एवं वर्ग 9-12 के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने अपने टीएलएम के साथ भाग लिये।प्रदर्शनी का उद्घाटन पदाधिकारी डीईओ,डीएसई, डायट प्राचार्य सह एसडीइओ एवं संकाय सदस्यों ने किया।विगत वर्ष में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डायट संकाय सदस्य हीरा सरिता टुडू,ओमकारेश कुमार,मो शमशाद आलम एवं डॉ मनोज कुमार यादव को शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं वर्ग 1-8 में प्रथम स्थान उ. उच्च विद्यालय इस्लाम पुर (शिक्षक - मो. आहेद अली), द्वितीय पुरस्कार बालक मध्य वि. बरहरवा (शिक्षिका - सुषमा कुमारी) एवं तृतीय स्थान प्रा. वि माधोपाड़ा (शिक्षक - मुकेश कुमार शर्मा) ने प्राप्त किया। वर्ग 9-12 में प्रथम स्थान पब्लिक उच्च विद्यालय साहेबगंज (शिक्षिका - जयमाला भगत), द्वितीय पुरस्कार +2 उ. वि. बरहरवा (शिक्षक -प्रभात कुमार सिंह) एवं तृतीय स्थान +2 उ. वि बड़हरवा (शिक्षिका - भारती साहा) ने प्राप्त किया। विजेता शिक्षक- शिक्षिकाओं को शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतिभागी सभी शिक्षकों को सांत्वना सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।मंच संचालन का कार्य डॉ मनोज कुमार यादव के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु अनेक विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



**मंडरो,साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में 76 वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रखंड परिसर में प्रभारी प्रमुख शीला देवी,स्वास्थ्य केंद्र मंडरो में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.एनएन सिंह, मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी में प्रधानाध्यापक छबिलाल पासवान,बीआरसी केंद्र मिर्जाचौकी में बीपीओ मनीष कुमार,ग्राम कचहरी भवन मिर्जाचौकी में बीडीओ मेघनाथ उरांव,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जाचौकी में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, महादेववरन पंचायत भवन मे मुखिया ललिता देवी एवं मिर्जाचौकी थाना परिसर में थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा झंडोंत्तोलन किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने संबोधित किया। साथ ही क्षेत्र में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बताया गया।मौके पर प्रखंड परिसर में बीडीओ मेघनाथ उरांव,प्रभारी प्रमुख शिला देवी के अलावा थाना परिसर में एसआई पवन कुमार यादव,अमेरिका राम,सोमरा लोहरा,डॉ. पंकज कुमार,अरुण सिंह,बबलू मिश्रा, शिवलाल पंडित,राजेश राम,रवि शंकर सिंह,अशोक कुमार,राजीव जयसवाल,भल्टु चौधरी, वीरेंद्र कुमार शाह,मिथिलेश भगत, बालेश्वर प्रसाद भगत,गुड्डू चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय सहकारी समितियाँ - नई आशा की किरण

सहकारिता रूपी नदी धाराप्रवाह बहती जा रही है। यह किसी बंधन से नहीं बांधी जा सकती है । यह जहां भी जाती है, विकास के छोटे से लेकर बड़े बीज बोती जाती है और आर्थिक समर्थन का आधार पैदा करती है। वास्तव में, इसके शाब्दिक अर्थ से कहीं अधिक, सहकारिता सामाजिक और आर्थिक उत्थान का द्योतक है। हम सभी किसी न किसी तरह सहकारिता से जुड़े हुए हैं, और इसकी यात्रा में निरंतर सहयोग कर रहे हैं।भारत की सहकारी परंपरा प्राचीन है, जिसकी जड़ें इसकी संस्कृति और आर्थिक प्रणालियों में गहरी पैठ रखे हुए है। चाणक्य के अर्थशास्त्र के अनुसार, गाँवों की वित्तीय संरचना सहकारी ढांचे, रोजगार प्रदान करने, परिवारों का समर्थन करने और सामाजिक विकास में योगदान करने को दर्शाती हैं। हमारे स्वतंत्रता संग्राम में भी सहकारिता की भावना की प्रमुख भूमिका थी। रियासतों को एकजुट करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शी प्रयासों और महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आंदोलन ने सामाजिक सहयोग का प्रदर्शन किया। इस प्रकार, यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि सहकारिता हमारे राष्ट्र के लोकाचार में शुरू से ही शामिल रही है।सहकारी मॉडल की परिवर्तनकारी क्षमता पहचानते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की, जो आधुनिक भारत में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल समावेशी विकास और समृद्धि के लिए मोदी जी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, जो एक अनुभवी सहकारी नेता हैं, ने इस क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों और मार्गदर्शन में भारत के सहकारी आंदोलन को एक नई दिशा मिली है, जिसमें ÷सहकार से समृद्धि÷ के सूत्र वाक्य पर जोर है। श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और वैश्विक स्तर पर यह क्षेत्र तेजी से मान्यता प्राप्त कर रहा है।लगभग 132 साल पहले स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन ने नवंबर 2024 में 107 से अधिक देशों के साथ भारत में अपनी पहली बैठक की। भारत के सहकारी इकोसिस्टम की बढ़ती ताकत को देखना सभी भारतीयों के लिए गर्व का पल था। नई दिल्ली में इफको द्वारा आयोजित आई. सी. ए. वैश्विक सम्मेलन की सफल मेजबानी से भारत ने सहकारी आंदोलन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।आई. सी. ए. अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया, जिसमें भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, फिजी के उप-प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका, आई. सी. ए. के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को और 107 देशों के 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, संयुक्त राष्ट्र ने सहकारिता क्षेत्र के वैश्विक प्रभाव को मान्यता देते हुए वर्ष 2025 को ÷अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष÷ घोषित किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरक दृष्टि और रणनीतिक नेतृत्व ने भारत के सहकारी आंदोलन को वैश्विक महत्व दिया है। जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण पर उनके जोर के साथ-साथ अमित शाह जी की सहकारी मॉडल की गहरी समझ ने इस क्षेत्र को दुनिया के लिए आशा की नई किरण के तौर पर पेश किया है। इस सम्मेलन की सफलता उनके अनुकरणीय नेतृत्व और वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है। **दिलीप संघानी**

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 साल पूरे



**अन्नपूर्णा देवी**

विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने का सफर जारी जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंज़िल की तरफ आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव इस बात का प्रमाण है, कि हम महिलाओं के विकास से महिला-नेतृत्व में विकासतक के सफर में कितने आगे आ गए हैं। स्वामी विवेकानन्द ने एक बार कहा था, जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक विश्व के कल्याण की कोई संभावना नहीं है। किसी भी पंछी के लिए महज़ एक पंख के साथ उड़ना संभव नहीं है।÷ उनके इस कालजयी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की शुरूआत की। इस ऐतिहासिक पहल का मकसद भारत में गिरते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) पर ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना था कि देश भर में लड़कियों और महिलाओं को वे सभी अवसर, देखभाल और सम्मान मिलें, जिनकी वे हकदार हैं।

2011 की जनगणना में बाल लिंग अनुपात 918 होने के साथ सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैदानिक उपकरणों के दुरुपयोग की चिंताजनक तस्वीर सामने आई। एक लक्ष्य के साथ तथा जीवन-चक्र-केंद्रित कदमों के ज़रिए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को न केवल इस तस्वीर को बदलने के लिए लॉन्च किया गया था, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव भी रखी गई, जहां महिलाएं नेतृत्व करें और आगे बढ़ें।पिछले एक दशक में, इस योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, 2014-15 में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। संस्थागत प्रसव के मामले भी 2014-15 में 61त्न से बढ़कर 2023-24 में 97.3त्न हो गए हैं, जबकि पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61त्न से बढ़कर 80.5त्न हो गया है। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51त्न से बढ़कर 2021-22 में 79.4त्न हो गया। इसके अलावा, पुरुष और स्त्री नवजात शिशुओं के बीच शिशु मृत्यु दर में अंतर तकरीबन खत्म हो गया है, जो उत्तरजीविता और देखभाल में समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, आंकड़ों में सुधार की सीमा से कहीं



आगे निकल गया है।इसने महिला सशक्तिकरण के मायने ही बदलकर रख दिए हैं। अक्टूबर 2023 में 150 महिला बाइकर्स द्वारा 10,000 किलोमीटर की यात्रा, यशस्विनी बाइक अभियान जैसी पहल, भारत की बेटियों के अदम्य साहस का प्रतीक है। 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ने, स्कूल न जाने वाली करीब 1,00,786 लड़कियों को फिर से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया, जो जीवन को बदलने में शिक्षा की शक्ति का प्रदर्शन है। कौशल विकास पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन ने, कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अपने दृष्टिकोण के और करीब आ पाए।

आज, जब हम इस परिवर्तनकारी पहल के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, साफ है कि मिशन अभी ख़त्म नहीं हुआ है। हमें अगर विकसित भारत के अपने सपने को हासिल करना है, तो यह तय करना जरूरी है कि लड़कियां और महिलाएं हमारे राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के केंद्र में रहें। भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक इस देश की लड़कियाँ और महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के काबिल नहीं हो जातीं। यह हमारे लिए निर्णायक कार्रवाई करने का वक्त है। हमें गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम 1994 के कार्यान्वयन को मजबूत करना चाहिए, शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना चाहिए, कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए और लड़कियों के जीवन के हर चरण में ज़रुरी मदद देनी चाहिए। वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए, भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी 41.7त्न थी। हालाँकि यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, लेकिन फिर भी यह पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी के मुकाबले कम है। गौर करने की बात यह भी है कि शहरी क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी से कम है। भारत में बड़ी संख्या में महिलाएँ अवैतनिक घरेलू देखभाल कार्य में शामिल हैं। हमारा प्रयास न केवल अधिक महिलाओं के लिए अपने घरेलू क्षेत्रों को छोड़कर घर से बाहर रोजगार करने के लिए एक माहौल को बढ़ावा देना होना चाहिए, बल्कि एक वाजिब कैरियर और पेशे के तौर पर देखभाल कार्य को बढ़ावा देने के साधन भी बनाने चाहिए, ताकि जो महिलाएं देखभाल कार्य में प्रशिक्षित हैं, और इसे आगे बढ़ाना चाहती हैं, तो वे इससे भी वित्तीय आज़ादी हासिल कर सकें और अपने प्रयासों से देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान भी दे सकें। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, कार्यबल लिंग में अंतर को कम करने से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 20त्न की वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए, यह सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि एक ज़रूरत है।

महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बेहद ज़रूरी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महज़ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और महिलाओं को भारत की प्रगति में सबसे आगे खड़ा किया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, आज हम एक ऐतिहासिक बदलाव देख रहे हैं।

महिला विकास से लेकर महिला नेतृत्व वाले विकास तक, भारत की बेटियां चेंजमेकर, उद्यमी और नेता के रूप में उभर रही हैं। वे अपनी कामयाबी की कहानी की हीरो खुद हैं। आइए हम सब मिलकर उनके सपनों को संजोएं और उनकी यात्राओं को सशक्त बनाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपनी आजादी के 100 साल एक ऐसे राष्ट्र के रूप में पूरे करे, जहां हर महिला इसके भाग्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएं।

**केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार**

# पाकुड़ की खबरें

## सरस्वती शिशु मंदिर में माताओं ने बनाया 28 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन



**हिरणपुर (पाकुड़ )**सरस्वती शिशु मंदिर हिरणपुर में 76 वा गणतंत्र दिवस उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया, राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण के पश्चात मातृ भारती के माताओ द्वारा विभिन्न तरह का स्वादिष्ट भोजन जैसे - पनीर फ्राई राइस, पनीर पकोड़ा, ब्रेड का पकौड़ा, गाजर का हलवा, दही बड़ा, इडली, घुघनी मुड़ी, ब्रेड, वेजिटेबल चॉप, समोसा, गुलाब जामुन, इडली, मटर कचोरी आलू दम, छोले कचौड़ी,लिट्टी चाट, खीर गुलाब जामुन आदि कुल 28 प्रकार का स्वादिष्ट भोजन माताऔ द्वारा स्टॉल लगाकर कूपन के माध्यम से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया । मुख्य रूप से कार्यकारणी समिति श्याम चंद रक्षित संरक्षक, श्री बादल कुमार वर्धन सचिव, प्रणव कुमार शील कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार दत्ता सदस्य बापिन कुमार दास प्रधानाचार्य, आचार्य एवं दीदी जी का भी अग्रणीय सहभागिता रहे । इसका मुख्य उद्देश्य मातृ जागरण और स्वदेशी भोजन बनाना था।

## जिलेभर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से संपन्न, डीसी एवं एसपी ने किया ध्वजारोहण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़। जिलेभर में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरा शहर राष्ट्रभक्ति गानों से उत्प्रोत था। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में उपायुक्त मनीष कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रगान गाया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने इस अवसर पर जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान के महत्व और इसके आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया। मौके पर जिले के विकास, सामाजिक एकता और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।उपायुक्त ने जनता से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और झारखंड के विकास में योगदान दें।

इसके अलावा जिले भर के सभी कार्यालय, स्टेट बैंक, सभी सरकारी स्कूल गैर सरकारी स्कूल, जिले के सभी डाकघर, बेथस्दा मिशन स्कूल, ओपन स्काई स्मार्ट स्कूल, द्रोणा बचपन, ब्लू बड्र्स ,ज्ञान निकेतन आइडियल इस्लामिक स्कूल, सनराइज एकेडमी, अमरपारा ग्लोबल स्कूल बड़कियारी महेशपुर, एराइज चिल्ड्रन%एस एकेडमी नवादा, गैलेक्सी स्कूल झिकरहट्टी, संतपॉल स्कूल पाकुड़िया , पाकुड़ आदि निजी विद्यालयों में भी शान से राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया।पार्टी कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण जिला एवं प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय, कांग्रेस कार्यालय, भाजपा कार्यालय, जनता दल यूनाइटेड, आदि राजनीतिक दलों के कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया।

## महिला से दुष्कर्म मामले में मामला दर्ज

महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के भौरी कोचा मंदिर के पास आमड़ापड़ा थाना क्षेत्र के एक तलाक सुदा महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित महिला ने महेशपुर थाना में रखल पाल आमड़पड़ा थाना क्षेत्र निवासी के खिलाफ मामला दर्ज करवाई हैद्य उन्होंने थाना में दिए आवेदन में बताया है कि 1 मई 2023 को महेशपुर किस्ती का रुपया जमा करने गई थी और वापस लौटने के क्रम में थाना क्षेत्र के भौरी कोचा मंदिर के पास रखाल पाल द्वारा जबरदस्ती करते हुए बलात्कार किया मामले को लेकर पुलिस वादनी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 16/24 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## गणतंत्र दिवस अवसर पर पाकुड़ में मंत्री संजय यादव ने किया ध्वजारोहण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ ।** जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राज्य के श्रम नियोजन ( उद्योग )मंत्री संजय प्रसाद यादव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मंत्री श्री यादव ने परेड 10 टुकड़ियों का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व मेजर खुशी लाल महतो व सार्जेंट जगन्नाथ सुंडी ने की। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने जो वादा किया एक-एक वादा को पूरी कर रही है ।शासन-प्रशासन द्वारा जनहित में तेजी से कार्य हो हैं। उन्होंने सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को गिनाई।

76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग, खनन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, कल्याण, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, परिवहन सहित कई विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई। स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों पूरी कार्यक्रम के दौरान खुशी का माहौल देखा गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड टुकड़ियों में शामिल जवानों, विभाग में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों और कर्मियों सहित शिक्षा, खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनहित के लिए काम कर रही है।आने वाले समय में राज्य को प्रगतिशील बनाया जाएगा।

समहरणालय में डीसी मनीष कुमार ने शान से ध्वजारोहण किया । पुलिस केंद्र में एसपी प्रभात कुमार, न्यायालय में जिला जज, जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में एसडीपीओ सहित सभी प्रखंडो में बीडीओ, अंचल कार्यालय में सीओ, थानों में थानेदार ने झंडोत्तोलन किया। वहीं सभी राजनीतिक दलों के कार्यालयों, विद्यालयों, टेलीफोन केंद्र, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों में भी झंडा फहराया गया और मिठाईयां बांटी गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच मैत्री क्रिकेट खेल खेला जिसमें प्रशासन ने बाजी मारी। देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज, आदि का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगे को दी सलामी

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** ˙ गणतंत्र दिवस के अवसर पर लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सरकारी,गैर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में तय किए निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिया।प्रखंड परिसर में प्रमुख तालाबिटी बेसरा, विजय मांझी मरांडी स्टेडियम में बीडीओ संजय कुमार, थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पंचायत भवन में मुखिया शिव टुडू,सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में अध्यक्ष तरुण मंडल के कर कमल द्वारा झंडोतोलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित अन्य नारो का उदघोष लगाया गया।

## 38 वे नेशनल गेम्स में पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह को मिली प्रोन्नति



**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** 38 वे नेशनल गेम्स में साइकलिंग खेल का आयोजन 28 फरवरी से 12 फरवरी उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में आयोजित की जा रही है। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव व झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, तथा सी.एफ.आई . कमिश्नरी प्रोनोति रानी वर्तमान में (पाकुड़ स्पोर्ट्स अकैडमी) मे प्रशिक्षशिका के रूप में कार्यरत है। दोनों को तकनीकी पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।बताते चलें रणवीर सिंह जिला के पहले ऐसे खेल प्रशासक है। जिन्होंने 2011 से राष्ट्रीय खेलो,अंतरराष्ट्रीय ,एशियाई खेल, खेलो इंडिया जैसे प्रतियोगिता में विभिन्न पदों में नामित हुए हैं। उत्तराखंड के रुद्रपुर तथा भीमताल मैं साइकिलिंग खेल के रोड, ट्रैक, माउंटेन बाइक स्पर्धा आयोजित की जा रही है। दोनों नामित तकनीकी पदाधिकारियों को झारखंड साइकलिंग अध्यक्ष सह झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार , पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष सह अध्यक्ष पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ अम्लान कुसुम सिंहा, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अर्धन्दु शेखर गांगुली, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल,जिला एथलेटिक्स संघ,उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी , नारायण चंद्र रॉय, प्रशिक्षक अक्षय बावरी,कृष्णा कुमार, ,प्रवीण कुमार,दीपक सिंह, आदि ने बधाई दी है।

## दो फरार आरोपियों के घरों पर चिपकाया गया इश्तेहार

अमड़पाड़(पाकुड़)थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 55/22 के तहत फरार चल रहे दो अभियुक्तों के खिलाफ रविवार को पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए उनके घरों और सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चिपकाया। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि बीते 27 नवंबर 2022 को थाना में दर्ज कांड संख्या 55/22 में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 395 के तहत मामला दर्ज किया गया था। फरार आरोपियों में बांधकोई खुर्द निवासी सिद्धेश्वर मड़ैया और कालू मरांडी शामिल हैं। करीब दो वर्षों से फरार चल रहे इन दोनों नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनके घरों और सार्वजनिक स्थलों पर विधिवत रूप से इश्तेहार चिपकाकर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार

## मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र एवं पुस्तकालय भवन का बीडीओ एवं सीओ ने किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस हिरणपुर** (पाकुड़ )प्रखंड वीकास पदाधिकारी टुडू दिलीप एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने रविवार को हिरणपुर डाक बंगला परिसर स्थित चल रहे मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ एवं बीडीओ ने स्वयं मुख्यमंत्री दाल-भात योजना केंद्र में भोजन कर गुणवत्ता की जांच की। साथ ही भोजन कर रहे लोगों से भी जानकारी प्राप्त की। वहीं परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की एवं रसोई कक्ष का भी जायजा लिया। पदाधिकारियों कहा कि भोजन निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। वहीं केंद्र के आस-पास साफ-सफाई का रखने का निर्देश केंद्र संचालक को दिया। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावे हिरणपुर समाज कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा उपायुक्त के समक्ष जर्जर पड़े पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार की मांग की गई थी। जिसके आलोक में बीडीओ एवं सीओ द्वारा पुस्तकालय भवन का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर राजीव कुमार आदि कर्मी मौजूद थे।

## पाकुड़ पॉलिटेक्निक में गणतंत्र दिवस मनाया गया



**संताल एक्सप्रेस पाकुड़ ।** राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना से प्रेरित पाकुड़ पॉलिटेक्निक में गणतंत्र उत्साह एवं उमंग पूर्ण माहौल में मनाया गया । जिसमें छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान की मनमोहक धुनों के साथ की गई।ध्वजारोहण के पश्चात संस्थान के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।प्राचार्य डॉ. ऋषिकेश गोस्वामी ने 76वें गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला । पाकुड़ पॉलिटेक्निक के निदेशक आमिया रंजन बड़ाजेना ने कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल होकर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक विकास को आगे बढ़ाने में शिक्षा की भूमिका पर केंद्रित था। उन्होंने छात्रों को अपनी गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रशासनिक अधिकारी निखिल चंद्र ने इस अवसर पर नागरिक जिम्मेदारी के महत्व और जिम्मेदार नागरिकों को आकार देने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम के प्रतिभागियों में मुख्य रूप से नीरज, उज्ज्वल, अनूप, खुशी, माधुरी, आदित्य एवं सुमित ने प्रभावशाली भाषण, देशभक्ति गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए।

## पंचायत स्वंयसेवको के साथ बीडीओ ने किया बैठक

लिट्टीपाड़ा ( पाकुड़) प्रखंड के सभागार भवन में सोमवार को 17पंचायत के पंचायत स्वयंसेवकों के साथ बीडीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में स्वयंसेवकों को मनरेगा, आवास,पंचायत सचिवालय के कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही प्रत्येक पंचायत को किस तरह से मजबूत करना है इनकी भी जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़ियां , पंचायत स्वयंसेवक राजेश कुमार साहा, अमित मंडल, दासों मुर्मु,सहित सभी पंचायत स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## 2 फरवरी को स्थापना दिवस पर हजारों झामुमो कार्यकर्ता जायेंगे दुमका




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर (पाकुड़ )झामुमो प्रखंड कार्यालय महेशपुर में सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया बैठक में आगामी दो फरवरी को दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा स्थापना दिवस को लेकर चर्चा किया गया । झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली सदस्य अनारुद्दीन मियां के अध्यक्षता में हुआ ।बैठक का संचालन संयोजक मंडली सदस्य रूहुल अमीन ने किया ।इसमें प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया साथ ही दुमका में पार्टी की स्थापना दिवस को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को दुमका ले जाने का भार पंचायत एवं गांव स्तर के कार्यकर्ताओं को सौंपा गया साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी दी गयी।इस बाबत संयोजक मंडली सदस्य पिंकू शेख ने कहा कि इस बार सबसे अधिक संख्या में कार्यकर्ता दुमका पहुंचेंगे कहा कि स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सभी तरह का भार सौंपा गया है।इस अवसर पर संयोजक मंडली सदस्य कुणाल अल्फ्रेड हेंब्रम, माइकल मुर्मू,अब्दुल वदूद, एनामुल हक ,सुनील सहा, बुदल यादव , खुरशेद शेख ,लाल मोहम्मद अंसारी, मुताहर शेख ,बाबूधन मुर्मू ,जोशिम शेख ,अल्तमस हेंब्रम,हलीम शेख , रिफायल, नीरोज मड़ैया,बाबू शेख ,हारून रशीद,अरशद मंडल , आरजू शेख ,विजय सहा,मुबारक करीम ,सहलम शेख ,टीपू सुल्तान,हन्ना मियां ,बिशॉप , शेंटू शेख ,केताबूल शेख , लक्ष्मण मरांडी,तारीक अनवर ,नसीम अहमद ,बोकुल शेख ,नसीर शेख ,टॉनिक शेख ,जोशीमुद्दीन शेख ,सुनीराम मुर्मू , मालेक शेख ,कालिदास सोरेन ,धीरेन माल, अलामीन शेख , मुख्तार हुसैन ,बोद्दीन शेख समेत झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## विभिन्न बैंकों में झंडोत्तोलन में छात्राओं ने भाग लिया




पाकुड़। बाल विद्यापीठ भगत पाड़ा में धूमधाम से राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारा इसाफ बैंक, बाल विद्यापीठ में झंडोत्तोलन किया गया। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक पाकुड़ में बच्चों ने झंडोत्तोलन में भाग लिया । राष्ट्रीय गीत गया। मौके पर दोनों बैंकों के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एडीएम ने अंचल कर्मियों को लगायी फटकार

हिरणपुर (पाकुड़ )अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने सोमवार को अंचल कार्यालय निरीक्षण किया। जहां सीओ मनोज कुमार भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने मवेशी हाट सैरात, भूहथ बंदी, भू-बंदोबस्ती, रोकड़ बही, जांच प्रतिवेदन गैर मजरूवा आम खास खाते की विवरणी, कर्मियों के लोग बुक सहित विभिन्न फाइलों का अवलोकन किया। अवलोकन के पश्चात वहां मौजूद कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। वहीं दाखिल खारिज, जमीन नापी के कार्य में पेंडिंग आवेदन के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जिसे देखकर कर्मियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि समय पर कार्य पूर्ण करें। साथ ही साथ कृषि गणना कार्य एवं विभिन्न न्यायालय में चल रहे वादों की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में सभी कर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। मौके पर अपर समाहर्ता कार्यालय के प्रधान सहायक रंजीत सरदार, डीपीएमयू के आईटी मैनेजर बंकिम चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

# देवघर : 10 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस ने 16 मोबाइल फोन,20 सिम कार्ड,3 प्रतिबिंब सिम कार्ड जब्त किया



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग के निर्देश में यह छापेमारी मोहनपुर थाना क्षेत्र के चौपा हाई स्कूल के पास स्थित जंगल झाड़ी में की गई। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 16 मोबाइल फोन,20 सिम कार्ड,3 प्रतिबिंब सिम कार्ड बरामद किया है। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ कि ये अपराधी फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी, एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी, और गूगल पर फोनपे कस्टमर केयर के नाम से अपना फर्जी मोबाइल नंबर अपलोड कर ऑनलाइन ठगी करते थे। इनके ठगी के तरीके में गूगल पर फर्जी मोबाइल नंबर अपलोड कर कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों को झांसा देना। फोन पे पेटीएम गिफ्ट कार्ड का लालच देकर उन्हें रिडीम करवाकर ठगी करना। एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से उपभोक्ताओं का कार्ड ब्लॉक कर, उसे चालू कराने के नाम पर पैसे ठगना। पीएम किसान योजना और एसबीआई क्रेडिट कार्ड का लिंक भेजकर ठगी करते थे। गिरफ्तार अपराधियों में सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधवाजोरी गांव निवासी धनजय राणा उम्र करीब 29 वर्ष पिता भगतु राणा,पाथरोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा गांव निवासी अनुप दास उम्र करीब 23 वर्ष पिता स्व0 पूरन दास,चन्दन दास उम्र करीब 22 वर्ष पिता धीरन दास,मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनुवा गांव निवासी राहुल कुमार दास उम्र करीब 18 वर्ष पिता मिठुल दास,पथरड्डा ओ0पी0 थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगाधर पंडित उम्र करीब 24 वर्ष पिता सकलदेव पंडित, सारठ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिन्डारी गांव निवासी कुदरत अंसारी उम्र करीब 19 वर्ष पिता ननकु मियां,मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमगाछी हरिजन टोला निवासी पप्पू तुरी उम्र करीब 29 वर्ष पिता पांचु तुरी,घोरमारा उपरी बस्ती निवासी चन्दन मिर्धा उम्र करीब 23 वर्ष पिता सुदेश्वर मिर्धा,घोरमारा निवासी टिंकु मिर्धा उम्र करीब 23 वर्ष पिता मधु मिर्धा,घोरमारा उपरी बस्ती निवासी पप्पू कुमार रजक उम्र करीब 29 वर्ष पिता रीतलाल रजक को गिरफ्तार किया है। छापामारी टीम में साईबर थाना के पुनि सह थाना प्रभारी कृष्णानन्द सिंह, पुअनि,प्रफुल्य कुमार मांझी,मोहनपुर थाना प्रभारी पुअनि सह थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार शामिल थे।

# आत्मसम्मान और अधिकार के साथ आगे बढ़ें बच्चे : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**देवघर।** डीसी विशाल सागर ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरस कुंज में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने वहां रहने वाले दिव्यांग बच्चों और असहाय बुजुर्गों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं और जरूरतों का जायजा लिया। डीसी ने बच्चों और बुजुर्गों को मिलने वाली सुविधाओं जैसे भोजन, आवासन, पानी, रसोईघर, बागवानी और खेलने की व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को इन्हें और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों के बीच फल, मिठाई और चॉकलेट का वितरण किया। बच्चों के अभिभाषण, गायन और अन्य प्रतिभाओं को देखकर उन्होंने उनका उत्साह बढ़ाया और कहा आप सभी आत्मसम्मान और पूर्ण अधिकार के साथ अपनी प्रतिभा को निखारते हुए समाज में अपनी पहचान स्थापित करें।

## मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल

**देवघर।** कुण्डा थाना क्षेत्र में 26 जनवरी को मारपीट की एक गंभीर घटना सामने आई है। इस मामले में सिंहपुर जोगीडीह की रहने वाली ललिता देवी (उम्र 48 वर्ष) ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मोहल्ले के कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिकी में कुण्डा थाना कांड संख्या 29/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिफ्यूजी कॉलोनी, बरमसिया निवासी आशा देवी (उम्र 56 वर्ष), पति स्व. मुनेश्वर दास,सरोज दास (उम्र 35 वर्ष), पिता स्व. मुनेश्वर दास,निरंजन दास उर्फ पिंटू (उम्र 35 वर्ष), पिता स्व. मुनेश्वर दास समेत तीन अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया है।

## प्रेस क्लब में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**देवघर ।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब के अध्यक्ष अमरनाथ पाठक द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। उन्होंने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी और सभी उपस्थित सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्लब के सचिव राजेश किशोर, कोषाध्यक्ष अरुण केशरी, सह कोषाध्यक्ष पप्पु भारती, और कार्यकारिणी के सदस्य उपेन्द्र कुमार, राजा कुमार यादव सहित अन्य प्रमुख सदस्य मौजूद थे। वरिष्ठ पत्रकार और चुनाव समिति के सदस्य बम शंकर बाजपेयी, बैधनाथ यादव, गोपाल शर्मा, चमन कुमार, पीतांबर तिवारी, रंजन कुमार, शेखर सुमन, धनन्जय कुमार राणा, और अरविंद कुमार यादव की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। झंडोतोलन के बाद राष्ट्रगान गाया गया और सभी ने एकजुट होकर देश की प्रगति और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय भावना, स्वतंत्रता संग्राम के महत्व, और पत्रकारिता के सामाजिक दायित्वों पर चर्चा हुई। गणतंत्र दिवस के इस आयोजन ने सभी को प्रेरणा और उत्साह से भर दिया।

## देवघर नगर थाना में मारपीट का मामला दर्ज

**देवघर ।** नगर थाना में एक गंभीर मारपीट मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना कांड संख्या 44/2025 में वादी सौरभ बनिक ने आरोप लगाया कि कुछ व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की। मामला भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) 2023 की धाराओं 126(2), 115(2), 303(2), 351(4), 352, 109(1), और 3(5) के तहत दर्ज किया गया है। वादी कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरियासा निवासी सौरभ बनिक, पिता स्व. बबलु बनिक, ने घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। अभियुक्तों में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर मोहल्ले निवासी पियुष वर्मा उर्फ बंटी, पिता दीपक कुमार वर्मा,दीपक वर्मा पिता टुन्ना, दादा,राजेन्द्र वर्मा,मुकेश वर्मा उर्फ छोटु,पिता राजेन्द्र वर्मा,रोहित वर्मा उर्फ बाबु,पिता राजेन्द्र वर्मा,जितेन्द्र वर्मा उर्फ जितु को नामजद किया है। इधर इस घटना के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली और अभियुक्तों की तलाश जारी है।

## पिकअप और बाइक की टक्कर में शिक्षक की मौत

**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के सपहा कब्रिस्तान के पास मुख्य सड़क पर पिकअप वाहन और बाइक की टक्कर में एक शिक्षक की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब चेतनारी गांव के निवासी अब्दुल कलाम शहजाद (48) बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे अब्दुल कलाम गंभीर रूप से घायल हो गए। वे देवीपुर के बलनाडीह विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत देवघर के कुंडा अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया। दुर्गापुर ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा दुख जताते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पिकअप वाहन के चालक की तलाश की जा रही है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वे चालक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

## ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**देवघर।** कोरियासा स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक मुरारी मंडल ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। झंडोत्तोलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। झंडोत्तोलन के पश्चात बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गायन और भाषण शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मौके पर निदेशक मुरारी मंडल ने बच्चों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि,÷संविधान ने हमें हमारे अधिकार और कर्तव्य दिए हैं। हमें इसे संजोकर रखना चाहिए और देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया शर्मा, पिंकी देवी, रूबी कुमारी, सुहानी कुमारी, रिया कुमारी, मीना देवी समेत अन्य शिक्षक और स्टाफ उपस्थित रहे।

## पतंजलि योग समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** महिला पतंजलि योग समिति देवघर के द्वारा पोखना टीला स्थित स्वस्तिक होटल के सभागार में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि कि जिला प्रभारी अंबिका झा एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य आरती पाठक ,अनीता सिंह आजीवन सदस्य के हाथों से झंडा तोलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरती पाठक ने की, इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य योग शिक्षक सह मीडिया प्रभारी मंजू बरनवाल ने कहा गणतंत्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है और आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था, इस अवसर पर महिलाओं ने भी राष्ट्रीय गीत गाकर सबों का मन मोह लिया,मौके पर मंजू बरनवाल,पूनम बरनवाल, सरिता बरनवाल,पुनीता सिंह, सुनीता सुनील,पुष्पा बरनवाल, प्रेमलता बरनवाल,बिना मंडल, आरती मिश्रा,संगीता बरनवाल,नीतू बरनवाल,राय बहादुर,नायर,अनिता प्रियदर्शिनी,सुधा बरनवाल,प्रियंका दुबे, पूजा कुमारी,सुनैना देवी, सरिता देवी,पूनम बरनवाल,मोना सिंगारी,शिप्रा झा,मानस सिंह,रूबी द्वारी,रीता बरनवाल,बंदना भूषण,अर्चना बरनवाल,किरण देवी, आरती झा,अपर्णा सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस पर केकेएन स्टेडियम में मंत्री हफीजुल हसन ने किया झंडोत्तोलन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



**देवघर।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह केकेएन स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस दौरान झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने झंडोतोलन किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मंत्री ने गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह दिन हमारी आजादी और संविधान की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा ÷26 जनवरी 1950 को भारत एक संवैधानिक राष्ट्र बना और दुनिया के अन्य देशों के समकक्ष खड़ा हो गया। इसी दिन डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने और भारत पूर्ण गणतंत्र बना।÷ उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वतंत्रता सेनानियों और देश के विकास में योगदान देने वाले महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, उन्होंने सभी नागरिकों से संविधान की रक्षा का संकल्प लेने की अपील की। मंत्री ने झारखंड सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर समारोह में देवघर विधायक सुरेश पासवान,उपायुक्त विशाल सागर,पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडूग,उप विकास आयुक्त नवीन कुमार,जिला परिषद अध्यक्ष, किरण कुमारी, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय,समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विभागीय कर्मचारी मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन



**देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता) ।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मार्गो मुंडा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय(पंदनिया) में प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर शरण द्वारा झंडोत्तोलन तोलन किया गया। झंडोतोलन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा,झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी ने भाग लिया। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में हदीस अंसारी,वाहिद अंसारी,डॉक्टर इरफान,जैंटुल अंसारी,पंकज तिवारी,गोपाल राय,कासिम मियां, बलराम तिवारी,शाहबाज खान, सुल्तान अंसारी,शाहबाज अंसारी, आलम अंसारी,जाकिर हुसैन, इलियास अंसारी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठिए को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जनहित पार्टी देवघर के द्वारा नगर पुस्तकालय के पास बांग्लादेशी घुसपैठिए को देश से भगाने को लेकर तथा बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को अविलंब रुक लगे इसको लेकर एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया लोगो को संबोधन करते हुए जनहित पार्टी के नारायणा टिबरेवाल ने कहा कि आज हम नहीं सचेत होंगे तो आज जो बंगलादेश की स्थिति है. वहीं स्थिति कुछ समय के बाद अपने देश आसाम, बंगाल ओर झारखंड की होने वाली है.80 लाख लोग असम में नागरिकता लेने के लिए लाइन में खड़े हो उसकी नागरिकता नहीं मिलनी चाहिए और उनको खदेड़ कर बांग्लादेश भेजनी चाहिए नहीं तो हमारी जमीन हमारे रोजगार पर इन बांग्लादेशी का कब्जा हो जाएगा।

## बैडमिंटन ग्रुप ने गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण



**देवघर।** बमपास टाउन बैडमिंटन ग्रुप ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया। ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य आलोक मोदी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे, जिनमें शामिल हैं रमेश शर्मा,मनोज गुप्ता,राजेश गुप्ता,संजय छापरिया, राजीव सिंह, टुनटुन मंडल,रविंद्र यादव ,विक्की हरनानी,अर्पित मोदी,आशीष सर्राफ, सुमन सिंह, रोहित सुल्तानिया, जयदीप शर्मा, सौरभ जैन, प्रत्यूष सुल्तानिया, लिली गोयनका, अमित केसरी, जितेंद्र केसरी, मीडिया प्रभारी रोहित सुल्तानिया मौजूद रहे।

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने मनाया गणतंत्र दिवस



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देश का 76 वां गणतंत्र दिवस पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन देवघर की ओर से शहर के नारायण परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर संरक्षक डॉ एनपी दास ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने उपस्थित समुहजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। साथ ही लोगों को देश का एक अच्छा नागरिक होने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने युवा शक्ति को आह्वान करते हुए भारतीय संस्कृति के संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ राजीव रंजन ने संविधान की महत्ता पर बोलते हुए कहा कि देश का संविधान राष्ट्र को संप्रभुता प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।


### कार्यालय नगर परिषद, गोड्डा

**सैरात बन्दोवस्ती**
**आमंत्रण सूचना सं0:– UDD/NPG/16/2024-25**
**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–50, दिनांक–21.01.2025 द्वारा सैरात बन्दोवस्ती आमंत्रण सूचना सं0:– UDD/NPG/16 /20 24-25 के माध्यम से विभिन्न सामाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसका PR No.- 344808_Urvan development and Housing Department (24-25)_D है। जिसमें नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक मोटर वाहन का प्रवेश शुल्क वसुली कार्य हेतु डाक की न्यूनतम बोली की राशि तकनीकी कारणवश खाली (Blank) रह गया है, जिसे 74,14,500.00 (चौहत्तर लाख चौदह हजार पाँच सौ) रू0 मात्र समझा जाय।

शेष यथावत रहेंगे।

प्रशासक,
नगर परिषद्, गोड्डा।

PR.NO.345182 Urban Development and Housing(24-25):D

### प्राचार्य का कार्यालय
### राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका
(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार राँची)
(पाकुड रोड सोनवाडंगाल, पोस्ट–शिव पहाड़, जिला–दुमका, झारखण्ड–814101
(AICTE ID: 1-523711011 Website-www.gpdumka.edu in, E-mailID-dumka.polytech@gmail.com)

**Tender Notice No. :- 01/2024-25Dumka/Dated : 25-01-2025**

पुनः अति अल्पकालीन निविदा सूचना

**Ref PR NO 340499**

वित्तीय वर्ष : 2024–25 में राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका में पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा (Two Bid System) आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | प्राचार्य, राजकीय पालिटेकनिक, दुमका , |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान | राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका के क्रय शाखा एवं संस्थानीय वेब साईट www.gpdumka.co.in से Download एवं प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3. | निविदा दस्तावेज की प्रपत्र का मूल्य | रू0 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट **Principal, Government Polytechnic,Dumka** के पदनाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो। |
| 4. | निविदा दस्तावेज प्राप्ति की प्रारंभ तिथि | दिनांक– 29.01.2025 |
| 5. | निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान | दिनांक– 07.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। राजकीय पोलिटेकनिक दुमका पाकुड रोड सोनवाडंगाल, पोस्ट– शिव पहाड़, जिला–दुमका , झारखण्ड–814101 के परिसर में अवस्थित कार्यालय (क्रय शाखा) |
| 6. | निविदा के Technical and Financial Bid खुलने की तिथि | दिनांक– 10.02.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे। |
| 7. | निविदा खुलने का स्थान | राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका के प्राचार्य कक्ष में खुलेगें। |

नोटः–निविदा की Terms & Conditions एवं BOQ राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ह0/– प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, दुमका

PR.NO.345153 Science & Technology(24-25):D

### कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

**।। आम सूचना।।**

राज्य के नगर निकायों में पिछड़ा वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु दुमका नगर परिषद का डोर–टु–डोर सर्वे कार्य के उपरांत उसे समेकित करते हुए वार्डवार प्रपत्र – 01 को नगर परिषद, दुमका कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला के वेवसाईट में प्रकाशित किया गया है। संबंधित आम जनों से अनुरोध है कि प्रकाशित प्रपत्र – 01 में अंकित आंकड़ों में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशित तिथि से सात दिनों के अंदर जिला के शिकायत निवारण पदाधिकारी –सह– अपर समाहर्त्ता, दुमका के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करायें ताकि आपत्ति का ससमय निराकरण किया जा सके।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका।

PR.NO.345133 Urban Development and Housing(24-25):D

### Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Sahebganj.

**URGENT NOTICE INVITING TENDER**

1. Sender's Name & Address for Publishing :-Executive Engineer, Building Division, Sahebganj
2. Date & Time for selling of B.O.Q. :- Date 07.02.2025 Up to 2:00 PM.(On work day)
3. Date & Time for Receiving of sealed tender - Date 08.02.2025 up to 3:00 PM.
4. Date & Time for Open of Sealed tender :- Date 08.02.2025 up to 3:30 PM.
5. Selling Place of BOQ :- Office of the Executive Engineer, Building Division, Sahebganj & Office of the Superintending Engineer, Building Circle, Dumka.
6. Receiving Place of Sealed Tender :- Both Places as per Serial No. 5
7. Details of work :-

| Sl.N. | Name of work | Estimated Amount (Rs.). | Earnest Money. | B.O.Q. Rate (Rs.) | Time period for Completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Shed and P.F. with other Civil Works at Civil Court, Rajmahal, Sahebganj | 339700/- | 6800.00 | 750.00 | One Month |

*Note:- The Special Conditions may be seen at Office notice Board.*

Executive Engineer
Building Division, Sahebganj

PR.NO.345147 Building(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, देवघर
**Email Id – eeimddeoghar@gmail.com**

**अल्पकालीन ई.– कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्याः– 02/2024–25**

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत डैम/ जलाशय/वीयर /नहर के यॉंत्रिक कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाले यॉंत्रिक सामग्रियों के वर्तमान प्रभावी अनुसूचित दर में उपलब्ध नहीं होने के कारण कतिपय Non-Scheduled item का दर (GST एवं Labour Cess छोड़कर अन्य सभी करों सहित) प्राप्त करने हेतु ई.– कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दर दाता झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर सामग्रियों की सूची Download कर अपना दर Online दिनांक 29.01.2025 समय 05:00 बजे अपराह्न से दिनांक 11.02.2025 समय 5:00 बजे अपराह्न तक Freeze कर सकते हैं।

उक्त कोटेशन दिनांक 13.02.2025 को समय 12:00 बजे अपराह्न में Online खोला जायेगा।

नोट :– उक्त प्राप्त दरों का उपयोग विभागीय स्तर पर यॉंत्रिक कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने के उपयोग मात्र में लाया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल,देवघर

PR 345172 Water Resource(24-25).D

### सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज
(कौशल शाखा)

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

पत्रांक– 01 | दिनांक :– 27/01/2025

झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अन्तर्गत चल रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत साहेबगंज जिला में चल रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण केन्द्र जैसे दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र(आवासीय), सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना (आवासीय),, एवं बिरसा योजना (गैर–आवासीय) में विभिन्न Sectors में प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें झारखण्ड राज्य के युवक–युवतियों को सरकार द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण, रहने, खाने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है।

**विभिन्न सेक्टरों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैः–** हेल्थ केयर, अपैरल, आई0टी0, ब्युटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रिोनिक्स, कन्सट्रक्शन, एग्रीकल्चर, लोजिस्टीक, ऑटोमोटिव एवं अन्य।

**शैक्षणिक योग्यता–** न्युनतम 5वीं पास एवं ट्रेड के अनुसार शैक्षणिक योग्यता।

**उम्र–** दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द एवं सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना के लिए (उम्र– 18–35 वर्ष), एवं बिरसा योजना के लिए (उम्र– 18–50 वर्ष)।

**मुख्य बिन्दुः**

- बिरसा योजना (BIRSA) योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों के उनके घर से प्रशिक्षण केन्द्र तक आने–जाने हेतु परिवहन भत्ता के रुप में 1000/– रुपया प्रतिमाह Direct Benefit Transfer(DBT) के माध्यम से दी जाएगी।
- दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र (DDUKK) एवं सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना (SJKVY) में न्युनतम पाठ्यक्रम की अवधि 5 से 6 महीने की होगी।
- बिरसा योजना (BIRSA) में न्युनतम पाठ्यक्रम की अवधि 4 से 5 महीने की होगी।
- प्रशिक्षणोंपरान्त National Skill Development Corporation(NSDC) के द्वारा Certificate प्रदान की जाएगी।
- प्रशिक्षणोंपरान्त सभी प्रशिक्षणार्थियों को 100% **Job Placement** प्रदान की जाएगी।
- प्रशिक्षणोंपरान्त प्रमाणित सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणिकरन के तीन माह के अंदर Job Placement नही होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन राशि हेतु प्रत्येक युवक को प्रतिमाह 1000/– रुपया एवं युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को प्रतिमाह 1500/– रुपया एक वर्ष के लिए Direct Benefit Transfer (DBT) के माध्यम से दी जाएगी।

जिला कौशल पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 345177 District (24-25)_D

### कार्यालय नगर पंचायत, बासुकीनाथ
email-nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in

**-: आम सूचना :-**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित है। योग्य आवेदक PMAY (U) 2.0 के अन्तर्गत ''लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण'' हेतु नगर पंचायत बासुकीनाथ कार्यालय में निम्नांकित दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं।

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्रता एवं शर्तें :–**

- ✓ योजना के अंतर्गत आवेदक के परिवार में पति–पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- ✓ आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत के किसी भी हिस्से में कोई पक्का आवास नही हो।
- ✓ आवेदक या आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य ने पिछले 20 वर्षों में भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी अन्य आवास योजना के तहत लाभ नहीं लिया हो।
- ✓ आवेदक ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हो, और सभी स्रोतों से आवेदक का वार्षिक पारिवारिक आय 3,00,000/– रु. (केवल तीन लाख रुपये) तक हो।

**आवेदन के साथ संलग्न कागजातों की विवरणी :–**

- ✓ आवेदक का आधार कार्ड की छाया प्रति।
- ✓ आवेदक के माता एवं पिता का आधार कार्ड की छायाप्रति
- ✓ आवेदक के परिवार का आधार कार्ड की छायाप्रति।
- ✓ आवेदक का मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति।
- ✓ आवेदक का बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- ✓ आय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
- ✓ जाति प्रमाण–पत्र की छाया प्रति।
- ✓ निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र।
- ✓ भूमि स्वामित्व से संबंधित कागजात।
- ✓ अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
- ✓ आवेदक का दो पासपोर्ट आकार का फोटो एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ संयुक्त फोटोग्राफ (वर्तमान मकान सहित)।
- ✓ आवेदन हेतु आवेदक का एक्टिव मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड से लिंक होना आवश्यक है।

प्रशासक
नगर पंचायत, बासुकीनाथ

PR 345190 District (24-25)_D

## नाला प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नाला (जामताड़ा)**-- प्रखंड क्षेत्र में 76 वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सभी सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यालय नाला प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ने राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी तदुपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी, प्रखंड शिक्षा कार्यालय में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी,वन क्षेत्र कार्यालय में रेंजर मृत्युंजय कुमार, राजस्व कचहरी में अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में नाला प्रभाग के पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार सिंह,थाना में थाना प्रभारी प्रदीप राणा,उच्च विद्यालय नाला में प्राचार्य उत्तम कुमार मंडल,बाबा साहब अंबेडकर मंच पर अध्यक्ष सुकूमार घोष, मध्य विद्यालय नाला में प्रधानाध्यापक लालदेव दास, इंटर कॉलेज नाला में प्राचार्य गया प्रसाद यादव, डिग्री कॉलेज नाला में प्राचार्य गुणमय दास,कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन मंजु रानी पांडेय, एल्डर्स क्लब नाला में अध्यक्ष अर्जुन कुमार मंडल,चतुर्थ वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर में टीभीओ मुकेश कुमार ने राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नाला, नोएडा सिद्धू कानू मॉडल स्कूल नाला, वर्णमाला प्ले स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर आदि जगहों में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही झांकियां भी निकाली गई। इस अवसर पर सभी पंचायत में संबंधित मुखिया के द्वारा भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक नाला में शाखा प्रबंधक हरेश कुमार रजक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक नाला में शाखा प्रबंधक पिंटू कुमार पासवान, कन्या मध्य विद्यालय नाला में स्टीफन मरांडी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर में प्र0अ0रेणुका लकड़ा,उमवि बारघरिया में बैद्यनाथ पाल, प्रावि नयापाड़ा में सरोज कुमार मुर्मू, मध्य विद्यालय सीतामुडी़ में सहदेव मरांडी, म0वि0 मोरालई में बबलू मरांडी, रा0मवि रांगासोला में सत्येंद्र कुमार सिन्हा, प्रावि विद्यालय जसपुर में ठाकुर हेंब्रम, उमवि सालुका में प्रमोद तांती, राजकीय मध्य विद्यालय देवली में मिलन मंडल, मध्य विद्यालय निश्चिंतपुर में प्रधानाध्यापक नवीन कुमार, राजकीय मध्य विद्यालय पैकबड़ में प्रअ राम किशोर मुर्मू सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में संबंधित प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा झंडोत्तोलन तोलन किया गया7 इस अवसर पर मुख्यालय में आयोजित समारोह में

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** गणतंत्र दिवस पूरे प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शान से तिरंगा लहराया गया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जबकि कई विद्यालयों में बच्चों ने प्रभातफेरी भी निकाली। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख अरविंद मुर्मू, फतेहपुर थाना में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता एवं डिग्री महाविद्यालय में प्रिंसिपल डॉ अमर दास ने तिरंगा फहराया। वही बीआरसी भवन, सभी पंचायतों, विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के अलावा अन्य जगहों पर झंडोत्तोलन किया गया। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बावजूद लोगों का उत्साह देखते बना।



गोड्डा । आकाश इंस्टिट्यूट ऑफ कॉमर्स में विभिन्न खेल संघ सचिव एवं साहित्यकार सुरजीत झा ने झंडोत्तोलन किया।

## चिरेका में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**चित्तरंजन ।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य समारोह स्थल, डॉ. बी.आर आंबेडकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ओवल मैदान में महाप्रबंधक विजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर चिरेका महिला कल्याण संगठन, विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी, कर्मचारी, संगठन और यूनियन प्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह में आरपीएफ जवानों, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों और नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यगण द्वारा परेड प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चिरेका और स्कूल के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान रंगीन गुब्बारे और शांति दूत कबूतर आकाश में छोड़े गए। अपने संबोधन में महाप्रबंधक विजय कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए भारतीय संविधान के महत्व पर बल दिया। उन्होंने चिरेका की 75 वर्षों की यात्रा की सराहना करते हुए बताया कि अब तक 12,500 से अधिक रेल इंजनों का निर्माण किया गया। इस शानदार आयोजन ने चिरेका में देशभक्ति और एकता की भावना को और प्रगाढ़ किया।

## कुंडहित में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण भाव के साथ मनाया गया।वही कुंडहित मुख्यालय के 39 स्थानों सहित सभी विद्यालय, आंगनवाड़ी, पंचायत सचिवालय, आदि स्थान में कार्यालय प्रधान द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसमें सरकारी कार्यालय,डाकघर, बैंक, विद्यालय, महाविद्यालय, राजनीतिक पार्टी कार्यालय, गैर संगठन कार्यालय आदि जगहों में तिरंगा झंडा फहराया गया।प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख रामकिशोर मुर्मू ने झंडोत्तोलन किया ,वही किसान भवन में सीओ सीताराम महतो, थाना परिसर स्थित पुलिस निरीक्षक कार्यालय में पुलिस इंस्पेक्टर मोहन फारुक, थाना में थाना प्रभारी बिनय यादव, बागडेहरी थाना में अमित कुमार, सिंह वाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय मनतोष मंडल,प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय प्रदीप कुमार, मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक भजहरि मंडल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डां उपलेन मुर्मू,सिंचाई प्रमंडल में सहायक अभियंता ,लघु सिंचाई कार्यालय में सहायक अभियंता मार्कस हांसदा, आरईओ कार्यालय में सहायक अभियंता बृजेश सिंह, वन विभाग में रेंजर मैनेजर मिर्धा,झारखंड राज्य सहकारिता बैंक में सुधीर हेम्बरम,भाजपा कार्यालय में माधव चन्द्र महतो , झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष जयेश्वर मुर्मू, टीएमसी कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुस्ताक शेख, बागडेहरी भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष बनमाली मंडल ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस को लेकर देश भक्ति गीत वंदे मातरम इंकलाब जिंदाबाद वीर शहीदों अमर रहे के नारे सहित आन बान शान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।

# गांधी मैदान में मंत्री दीपिका पांडे ने किया झंडोत्तोलन



**गोड्डा संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंड मुख्यालय एवं पंचायतो में शान से तिरंगा लहराया। स्थानीय गांधी मैदान में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान मंत्री महोदया ने अपने अभिभाषण में कहा कि उन सभी अमर शहीदों को कोटि-कोटि नमन है जिनकी बदौलत आज हम एक आजाद देश के नागरिक हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, सुभाष चन्द्र बोस, पंडित जवाहर लाल नेहरू, बाबा साहेब अम्बेडकर, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार बल्लव भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, धरती आबा- बिरसा मुण्डा, सिद्धो-कान्हू चांद-भैरव जैसे वीर सपूतों फूलो-झानो जैसी वीरांगणाओं व अन्य महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का प्रण लेते हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य देश के मानचित्र पर 15 नवम्बर 2000 को 28वें राज्य के रूप में स्थापित हुआ। वन, खनिज सम्पदा से भरपूर इस राज्य का निर्माण यहाँ के किसानों, मेहनतकश मजदूरों, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े तबके आदिवासी भाई-बन्धुओं का जीवन स्तर ऊँचा उठाकर मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से की गई। जन, जल, जंगल एवं जमीन के सरोकार से जुड़कर जिले के सर्वांगीण एवं चहुंमुखी विकास की परिकल्पना करते हुए विगत 24 वर्षो में हमने कुछ उपलब्धियाँ हासिल की है, और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा द्रुत गति से कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मंत्री महोदया ने जिला में चलाए जा रहे विकास एवं अन्य कार्यों तथा उपलब्धियों की जानकारी दी जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास सहित कई योजनाओं बारे में जानकारी दी गई। इसके मंत्री दीपिका पांडे अपने निर्धारित समय पर गांधी मैदान पहुंची। जहां सुसज्जित वाहनों पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के पश्चात स्वतंत्रता सेनानीयों को भी सम्मानित किया गया।**कई संस्थानों में किया आकर्षक पैरेड की प्रस्तुति**

इस अवसर पर आईआरबी के जवानों की टुकड़ी सहित, महिला पुलिस जवान, झारखंड सशस्त्र पुलिस के जावनों सहित कई स्कूली बच्चे के द्वारा आकर्षक परेड की प्रस्तुति की गई। पुलिस जवानों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पैरेट के दौरान कदम ताल मिलाकर सुजीत सुसज्जित ढंग से प्रस्तुति दी गई जहां लोगों ने काफी सराहना की।

**कई संस्थानों की झांकी रही आकर्षक** कार्यक्रम के दौरान 18 विभिन्न विभागों के द्वारा झांकी निकाली गई जिन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम एवं द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन अबुल कलाम आजाद के द्वारा की गई।

मौके पर विधायक पोड़ैयाहाट विधानसभा प्रदीप यादव, उपविकास आयुक्त स्मिता टोप्पो , अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार , जिला भू -अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, नगर प्रशासक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया आदि उपस्थित थे।

## आजीविका समूह के बीच बांटा गया 50 लाख रुपए का ऋण




**फतेहपुर (जामताड़ा)।** सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक फतेहपुर के द्वारा वित्तीय जागरूकता सह सीसीएल लोन कैम्प का संयुक्त कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें आजीविका समूह के महिलाओं के बीच ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा आजीविका समूह के महिलाओं के बीच 50 लाख रुपये के ऋण वितरण किया गया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार आजीविका समूहों को स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि समूह में काम करने के हमेशा सार्थक परिणाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है तथा लोगों के पास अर्थाजन के संसाधन कम हैं। यदि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सामूहिक रूप से कोई कार्य करती हैं तो उसके परिणाम भी अच्छे आते है। कहा कि मुख्य धारा में आ रहे स्थानीय उत्पाद जिले में कई स्वयं सहायता समूह अनुकरणीय कर रही हैं जिससे हजारों की संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जहां एक तरफ अपने क्षेत्र में ही अर्थाजन का बेहतर विकल्प मिल सकता है। वहीं इसके माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कृतियों को भी पुनः मुख्यधारा में ला सकते हैं। मौके पर बीडीओ प्रेम कुमार दास, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, एसबीआई शाखा प्रबंधक गौरव कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी नवनीत कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

## संत रामपाल जी के अनुयायियों ने किया पुस्तक वितरण



**गोड्डा ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान से मेला मैदान तक संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा उनकी लिखित आध्यात्मिक ज्ञान की अलख जगाने वाली पुस्तकों यथा- ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत, जीने की राह आदि का उचित मूल्य पर वितरण किया। अनुयायियों द्वारा बताया गया कि समाज में आध्यात्मिकता को बढ़ाने के उद्देश्य से पुस्तक - प्रचार यात्रा आयोजित किया गया। अनुयायियों का मानना है कि हिंदुस्तान के लोगों को भगवान की तलाश है, लेकिन उन्हें शास्त्र अनुकूल सद्भक्ति का सही मार्ग नहीं मिल पाता है। इसी को देखते हुए संत रामपाल जी ने अपनी पुस्तक ज्ञान गंगा, गीता में सत भक्ति की सही विधि का उल्लेख किया है जो शास्त्रों से प्रमाणित है। इन पुस्तकों को पढ़कर लाखों लोग नशा एवं अन्य बुराइयां छोड़ चुके हैं। वर्तमान समय में संत रामपाल जी महाराज के एक करोड़ से ज्यादा अनुयाई है जो कि किसी भी प्रकार का ना तो नशा करते हैं एवं ना अन्य कोई गलत कार्य। रविवार को गांधी मैदान में आयोजित गणतंत्र समारोह के दौरान संत महाराज की दीक्षित अनुयाई सुनीता ठाकुर द्वारा विभिन्न खेल संघ सचिव सह प्रसिद्ध समाजसेवी सुरजीत झा को गीता समर्पित कर इस यात्रा को आगे बढ़ाया गया। यह पुस्तक वितरण कार्यक्रम सर्वेश्वर चौधरी के देखरेख में आयोजन किया गया।

## कला जीवन को जीवंतता प्रदान करता है : सुरजीत



**गोड्डा ।** कला जीवन को जीवंतता प्रदान करता है। किसी बड़े दार्शनिक ने कहा भी है कि बच्चे के हाथ में वायलिन दो, वह कभी पिस्तौल नहीं पकड़ेगा। उक्त आशय की बात जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय डी डांस एकेडमी द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा। स्थानीय कारगिल चौक स्थित होटल अतिथि पैलेस में आयोजित उक्त सम्मान समारोह के दौरान पिछले दिनों गांधी मैदान में आयोजित मेगा डांस एंड मॉडलिंग ओपन शो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एकेडमी के दर्जनों छात्र - छात्राओं को मुख्य अतिथि श्री झा के हाथों मेडल, ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के चीफ कोरियोग्राफर आकाश सोनी, मिस इंडिया कांटेस्ट के झारखंड फाइनलिस्ट रोशनी सिधानवी, गोड्डा के सक्सेस मॉडल नमन कुमार मंडल एवं एक्स रेडियो एफएम एंकर पूजा सिधानवी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर झामुमो नगर समिति ने किया झंडोत्तोलन




**गोड्डा ।** नगर झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के द्वारा जज कॉलोनी वीआईपी नगर गंगटा में 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण केंद्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य राजेश मंडल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ साथ झामुमो दर्जनों कार्यकर्ता ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सबों ने ध्वजारोहण के समय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान करते हुवे महात्मा गांधी अमर रहे,भीम राव आंबेडकर अमर रहे के साथ साथ भारत माता की जय के नारे लगाए।

## साइबर अपराधी गिरोह का हुआ खुलासा, अंतर जिला गिरोह के 6 अपराधी की गिरफ्तार

**जामताड़ा ।** अत्याधुनिक तरीके से संगठित होकर साइबर अपराध करने वाले एक अंतर जिला गिरोह का जामताड़ा साइबर पुलिस ने खुलासा किया है। एसपी डॉ0 एहतेशाम वकारिब ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इस बाबत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जामताड़ा जिला अंतर्गत साईबर अपराध के रोकथाम एवं उनपर अंकुश लगाये जाने हेतु साईबर अपराध के मास्टर माइन्ड के गिरफ्तारी के लिए राघवेन्द्र शर्मा, परिक्ष्यमान एसपी एवं चन्द्रशेखर, परिक्ष्यमान डीएसपी तथा साईबर अपराध थाना में पदास्थापित पु0नि0 जयन्त तिर्की, पु0 नि0 डी0 के0 वर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। कई महीने तक रेकी करने के बाद जामताड़ा पुलिस ने संगठित तरीके से साइबर अपराध करने वाले एक अत्याधुनिक आपराधिक गिरोह को गिरफ्तार किया है। बताया कि यह साईबर अपराधी गिरोह पीएम किसान योजना एपीके, पीएम फसल बीमा योजना एपीके और विभिन्न भारतीय बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक, एनपीसीआई इंटरनेशनल आदि के नाम से फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन यूज करते थे। फिर इन एपीके को व्हाट्सएप के माध्यम से आम नागरिकों को भेजा जाता था, जो इसे अपने फोन पर डाउनलोड कर लेते थे। इसके बाद उनके फोन हैक हो जाते थे। इनके द्वारा एप्लिकेशन को अन्य साइबर अपराधियों को 20-25 हजार रुपये प्रति एप्लीकेशन के हिसाब से बेचा जाता है। इन मोबाइल एप्लीकेशन में उपयोगकर्ता के फोन को हैक करने और एसएमएस/कॉल फॉरवर्डिंग का उपयोग करके बैंक खाता विवरणौ, ओटीपी, जन्म तिथि चुराने की क्षमता थी, जिसका उपयोग भोले-भाले पीड़ितों के बैंक खाते में अनधिकृत लेनदेन करने के लिए किया जाता था। इस ग्रह के तमाम सदस्य अंतर जिला सबर अपराध गिरोह के सदस्य हैं और छापेमारी में उनके छह महत्वपूर्ण सदस्य गिरफ्तार किए गए जिसमें मेहबुब आलम उर्फ डी के बोस, सफाउद्दीन अंसारी, मो आरीफ, जसीम अंसारी,

## विभिन्न संस्थानों में हुआ झंडोत्तोलन



**गोड्डा ।** हटिया चौंक अवस्थित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय, आकाश इंस्टिट्यूट ऑफ कॉमर्स शिवपुर, गुरुकुल डांस एकेडमी गांधी नगर एवं नहर चौंक स्थित गोड्डा मार्केटिंग इन चार संस्थानों में विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा ने, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक पर लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ ने तथा विद्यापति सांस्कृतिक परिषद में परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## देसी कट्टा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार।

**महागमा गोड्डा/** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष मैथानी को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम शीतल में अवैध हथियार होने की सूचना है जो किसी को बेचने के फिराक में है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह को सूचित किया गया तथा तत्काल गस्ती दल को ग्राम शीतल जाने को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के जवान के साथ उक्त स्थान ग्राम शीतल पहुँचा तथा गाँव के निर्माणाधीन पानी टंकी के के पास कच्ची सड़क पर पहुँचा तो पुलिस गाड़ी को देख कर कुछ लोग भागने लगे। एक व्यक्ति को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति के मोटरसाईकिल निबंधन सं0- जेएच 17 ए ए 9224 को चेक करने पर मोटरसाईकिल के डिक्की से एक लोडेट देशी कट्टा पाया गया। इस संबंध में वैध कागजात की मांग करने पर पकड़ाये व्यक्ति द्वारा ना तो कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। बरामद देशी कट्टा को विधिवत जप्त करते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पकड़ाये व्यक्ति द्वारा अपने स्वीकारोक्ती बयान में घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की गई है। भागे गये अन्य अपराधियों के विरूद्ध छापामारी की जा रही है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त संजय कुमार दास, उम्र 23 वर्ष, पिता राजेन्द्र रविदास ग्राम-शीतल (मालीचक), थाना-महागामा बताया गया है।

## कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन



**गोड्डा ।** स्थानीय मेला मैदान में राज्य स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखंड दीपिका पांडे सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर, पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन बाघ तथा जिला परिषद अध्यक्षा बेबी देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं सभी ने सर्वप्रथम फसल प्रदर्शनी एवं विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। कृषि विभाग द्वारा सब्जी और फल की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। किसान मेला में सहकारिता, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, गव्य विकास आदि विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी।इस दौरान मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं कृषि विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ लेने के लिए कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं। उन्होने योजनाओं को लेकर किसानों के बीच जागरूकता पर बल दिया तथा योग्य लाभुक किसानों को योजनाओं से आच्छादित करने हेतु पदाधिकारियों को निदेशित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों से उन्होने कहा कि उनके संस्थान द्वारा किसानों के लिए संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाई जाए ताकि अन्य किसान भी इससे प्रेरित होकर कृषि कार्य में रूचि लें।

## मंडल कारा परिसर में जेल अदालत सह स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**गोड्डा ।** नालसा के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंडल कारा परिसर में गणतंत्र दिवस पर जेल अदालत एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। इस दौरान जेल में बंद 50 विचाराधीन बंदियों का स्वास्स्थ्य परीक्षण कर दवाइयां मुहैया की गई। वहीं दूसरी हो विधिक जागरुकता शिविर आयोजित कर बंदियों को कानून का पाठ पढ़ाया गया। मौके पर चीफ एलएडीसी संजय कुमार सहाय ने कहा कि बंदी को भी सामान्य लोगों की तरह मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। सभी को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। आर्थिक अभाव के कारण यदि कोई भी बंदी अपने केस की पैरवी नहीं कर पाते हैं तो वे जेल प्रशासन के माध्यम से संबंधित कोर्ट के समक्ष आवेदन दें। उन्हें विधिक सहायता मुहैया कराया जायेगा। बचाव पक्ष के पैरवी के लिए प्राधिकरण की ओर से एलएडीसी का गठन किया गया है। ये समय- समय पर बंदियों के मामले से संबंधित जानकारी बंदियों को अवगत कराते रहेंगे। एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, लीली कुमारी, पियूष कुमार, पीएलवी नवीन कुमार आदि उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ झंडोत्तोलन



**गोड्डा ।** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में हर्षउल्लास के साथ गंतात्र दिवस समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने झंडा फहराया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव उपस्थित रहे।मौके पर कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी और वरिष्ट नेता गण तथा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सेव द गर्ल चाइल्ड पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गोड्डा ।** जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा के तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय सीएम स्कूल ऑफ एक्ससिलेंस गोड्डा गर्ल एवं खीस्त राजा स्कूल में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत सेव द गर्ल चाइल्ड पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएनएम आराधना कुमारी द्वारा बताया गया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर जिले के बेटियों और महिलाओं को स्वस्थ्य व सुरक्षित व्यवहारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न विषयों के विकल्पों के साथ अपने शैक्षणिक दिनों के संघर्ष व अनुभवों को भी साझा किया। एएनएम अलबिना सोरेन ने छात्राओं को घरेलू हिंसा से बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के बारे में बताया। कहा आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव को दूर करना और उनके प्रति लोगों की नकारात्मक मानसिकता में बदलाव लाना है।

## नेताजी स्मारक पर लोक मंच ने फहराया तिरंगा



**गोड्डा ।** स्थानीय नेता जी चौंक अवस्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्मारक पर रविवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर स्मारक के संस्थापक, संरक्षक एवं लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सेवा निवृत जिला जज शिवपाल सिंह के मुख्यातिथि एवं साहित्यकार शिव कुमार भगत की अध्यक्षता में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील झा, पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व नगर अध्यक्षा वेणु चौबे, विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा, अधिवक्ता सह पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्षा नूतन तिवारी, वरीय अधिवक्ता दीना नाथ झा, प्रो. डॉ. नूतन , अधिवक्ता विनय कुमार ठाकुर, वार्ड पार्षद गुणानंद झा, नितेश आनंद, अचल ठाकुर, ज्योति झा, आर्या वत्स, नुपुर नंदिनी आदि शामिल हुए।

# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित और झांकियों को किया पुरस्कृत



संताल एक्सप्रेस संवादादता

**दुमका ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 76वें गणतंत्र दिवस पर दुमका के पुलिस लाइन में शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। जिले के स्व0 पतरू राय की आश्रित पत्नी परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखण्ड- सरैयाहाट, जिला- दुमका) को सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली एनसीसी +2 (बालिका) दुमका को प्रथम , आईआरबी- 01 जामताड़ा महिला प्लाटून को द्वितीय और गृह रक्षा वाहिनी दुमका को तृतीय पुरस्कार से नवाजा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने फर्स्ट इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस अधीक्षक दुमका डॉ. मोहम्मद सैयद मुस्तफा हाशमी, सेकंड इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस उपाधीक्षक दुमका आकाश भारद्वाज एवं राष्ट्रगान में संत टेरेसा उच्च विद्यालय, दुमका और बैंड में हजारीबाग पुलिस अकादमी को सम्मानित किया।

**मुख्यमंत्री के हाथों इन कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें रानी सोरेन, स्वाती राज, राजू बांद्रा, मेघा बेसरा, पवन कुमार मिश्रा, बासुकीनाथ चतुर्वेदी, अर्पिता प्रसाद, बसंती हेंब्रम शामिल रहें।

## मंईयां सम्मान योजना की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार




**दुमका।** गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई जिसे देखने काफी संख्या में स्थानीय लोग भी पहुंचे थे. इस बार निकाली गई झांकी में मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा निकाली गई झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला। झांकी देख सीएम अपने आप को नहीं रोक सके। मंच से उतर कर झांकी में शामिल महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। जबकि दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और जिला ग्रामीण विकास शाखा जबकि तीसरे स्थान पर पुलिस विभाग की झांकी रही। सीएम हेमंत सोरेन ने सभी को सम्मानित किया ।

## सीएम ने पवन मिश्रा को किया सम्मानित



**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 26 जनवरी के झंडोत्तोलन समारोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार मिश्रा को शाल ओढ़ाकर मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। श्री मिश्रा सन् 2015 के अगस्त माह में सहायक अध्यापक ( स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक) के पद पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय दलदली, प्रखण्ड काठीकुंड , जिला में योगदान। इससे पूर्व बिहार सरकार में शिक्षक के पद पर कार्यरत। वर्तमान में वार्ड नंबर -2 में रहते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि बिहार मे अध्यापन के दौरान ही मन मष्तिष्क मे यह बैठ गया था कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सिलेबस का अध्यापन ही काफी नहीं है इसके लिए शिक्षक को अलग से कुछ सोचने चाहिए।

## जीएनएम अर्पिता को सीएम ने किया सम्मानित



**जरमुंडी ।** राष्ट्र के 76वें गणत्रंत्र दिवस पर जरमुंडी सीएचसी प्रसवगृह में कार्यरत जीएनएम अर्पिता प्रसाद को मुख्यमंत्री ने प्रतीक चिन्ह,शॉल और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन में संपन्न हुए राजकीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अर्पिता को यह सम्मान अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित दिया है।

# हिजला मेला महोत्सव को लेकर डीसी ने की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवादादता

**दुमका।** 21 से 28 फरवरी तक चलनेवाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारी समय रहते पूरी करने का निर्देश उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने हिजला मेला परिसर में बैठक करते हुए अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि दुमका में हिजला मेला के नाम से उमंग भर आता है। पारम्परिक औदात्य, गरिमा और उल्लास से मनाया जायेगा। राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव संताल परगना के सभी जिलों से लोगों की भागीदारी होगी। राज्य स्तर के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर तक मेला की पहुंच होगी। मेला में लगाये जाने वाले स्टॉल में कृषि के अत्याधुनिक तकनीक के साथ साथ अन्य चीजों को दर्शाया जायेगा। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव के गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाया



जायेगा। बैठक में मेला को भव्य बनाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। यातायात, शौचालय, पर्याप्त रौशनी, बेहतर साज सज्जा, साफ-सफाई, सड़क की मरम्मति, वृक्षों का रंग रोगन पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को बताया गया कि वह सुरक्षा मानकों को ख्याल रखकर कनेक्शन पर ध्यान देंगे।

## सिदो कान्हू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मना गणतंत्र दिवस समारोह



**दुमका।** रानेश्वर के सादीपुर ,पाथर बगान स्थित सिदो कान्हू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल सह आरएस राय डिप्लोमा कोर्स कॉलेज परिसर में रविवार को धूमधाम से गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया।कॉलेज के चैयरमैन आरएस राय ने तिरंगा फहराया और झंडे को सलामी दिया। मौके पर कॉलेज की सचिव मीरा चौधरी समेत कॉलेज के डॉक्टर, प्रशिक्षु नर्स,पारा मेडिकल,बी फार्मा, बीएससी नर्सिंग समेत अन्य कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट : भाई भाई जामा ने खिताब जीता



**दुमका।** झारखंड क्लब खेल समिति महादेवगढ़ के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में रविवार को भाई भाई जामा ने एफसी झाझा बिहार को रोमांचक मुकाबले में एक गोल से हरा खिताब जीत लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि महादेवगढ़ जैसे छोटे से जगह पर फुटबॉल टूर्नामेंट के ऐसे बड़े आयोजन का होना अपने आप में ऐतिहासिक हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। खास कर झारखंड की बच्चियां खेल के मामलें में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी लोहा मनवा रही हैं। इस दौरान विधायक ने बालिका वर्ग के मुकाबले में टॉस कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया।

## लायंस क्लब ने किया झंडोतोलन



**दुमका।** 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लायंस क्लब दुमका सं. प. के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. अमिता रक्षित ने क्लब के सभी पुर्व अध्यक्ष को समान्नित किया। मौके पर मुख्य रूप से लायन मुकेश कुमार अग्रवाल, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, पि. एम. जे.एफ लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन संजीव कुमार, लायन प्रदीप्तो मुखर्जी, लायन डॉ पवन केशरी, लायन राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, लायन संजीव कुमार गुप्ता, लायन राजेश कुमार चौरसिया, लायन चन्द्रशेखर पोद्दार, लायन राकेश सिंघानिया लायन संदीप पटवारी, लायन नीरज कोठरिवाल, लायन सतीश कुमार,, चंदन साह, लायन मधुकर दत्ता, लायन डॉ. अमूल्य कुमार पाल, लायन डॉ. श्वेता स्वराज ,लायन सौरभ संथालिया के अलावे क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राज हंस ने किया पदभार ग्रहण



**दुमका ।** डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका के पीजीटी शिक्षक महेन्द्र राज हंस ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका के प्रभारी प्राचार्य के रुप मे सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद विद्यालय परिवार को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राज हंस ने कहा कि विद्यालय एवं यहाँ के छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही मेरे कार्यकाल की प्राथमिकता होगी।श्री राजहंस ने कहा कि विद्यालय को राज्य के सबसे उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लिए विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता हूँ।

## भारत स्काउट एवं गाइड ने किया झंडोतोलन



**दुमका ।** भारत स्काउट एवं गाइड, दुमका के जिला मुख्यालय में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस शुभ अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह भारत स्काउट गाइड के जिला आयुक्त भूतनाथ रजवार ने राष्ट्रीय ध्वज को एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने भारत स्काउट गाइड ध्वज को फहराया। राष्ट्रीय ध्वजारोहण के बाद स्काउट गाइड द्वारा पैरेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उपस्थित स्काउट गाइड एवं सभी गणमान्य आगन्तुकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 गोपाल कृष्ण झा ने कहा कि हमारा गणतंत्र विश्व का सबसे मजबूत, अटूट एवं अनुपम अद्वितीय गणतंत्र है।डॉ0 गोपाल कृष्ण ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराकर भारत को एक मजबूत गणतंत्र बनाने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपनी महती भूमिका निभाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं गणतंत्र की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों को आज नमन करने का दिन है।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने किया बाबा बासुकीनाथ का श्रृंगार पूजन



संताल एक्सप्रेस संवादादता

**बासुकीनाथ (दुमका) ।** झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने रविवार देर शाम को बाबा बासुकीनाथ का श्रृंगार पूजन किया। इस अवसर पर बासुकीनाथ मंदिर में पुरोहितों ने स्वस्ति वाचन पूर्वक श्रृंगार पूजन के लिए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से संकल्प कराया। इसके पश्चात निर्विघ्नता के लिए श्री गणेशाम्बिका का पूजन कर षोडशोपचार विधि से भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया। ग्रामीण विकास मंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में ज्योतिर्मय नागेश्वर शिवलिंग पर दूध, दही,घृत,मधु और शर्करा गुड़ से अभिषेक कर भोलेनाथ को पंचामृत स्नान, सुगंधित तेल से स्नान एवं गंगाजल से शुद्धोदक स्नान कराकर वस्त्र,उपवस्त्र, जनोव, सुगंधित इत्र, चंदन, अक्षत, फूलमाला, भांग, बेलपत्र और शिव को प्रिय पुष्प चढ़ाकर अबीर गुलाल आदि अनेक परिमल द्रव्य और नानाविध नैवेद्य , ऋतुफल और तांबुल पान चढ़ाकर दक्षिणा अर्पण किए। बाबा की प्रधान पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में स्थित माता पार्वती, दस महाविद्याओं में प्रथम माता दक्षिणाकाली और राजराजेश्वरी पीतांबरा बगलामुखी माता की विधिवत पूजा कर श्रृंगार किया। श्रृंगार पूजन के समापन पर मंत्री ने मंदिर प्रांगण में भोलेनाथ की आरती भी की। इस मौके पर मंदिर के पंडा कुंदन झा व राजेश झा सारंग ने ग्रामीण विकास मंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में बाबा बासुकीनाथ का चित्र भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया।

## गणतंत्र दिवस पर एसकेएमयू के कुलपति ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने दिग्घी परिसर के स्मारक स्थल पर स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीर सिदो-कान्हू मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात कुलपति ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर कुलपति ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देने के पश्चात भारतीय संविधान, जनजातीय समुदाय एवं विश्वविद्यालय के दायित्वों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है। 26 जनवरी 1950 को भारत ने स्वयं को गणतंत्र घोषित किया था। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें न केवल अधिकार दिए, बल्कि हमें अपने दायित्वों का भी बोध कराया, जिसके कारण हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के नागरिक बने और हमारी शक्ति संविधान एवं उसके मूल्यों में निहित है। कुलपति ने 1855 के संथाल हुल आंदोलन का जिक्र करते हुए सिद्धू कानू और बिरसा मुंडा के संघर्षों का जिक्र किया। कुलपति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय का नाम सिदो-कान्हु मुर्मू के नाम पर रखा गया है, जो उनके बलिदान का प्रतीक है और हमें समाज और राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा देता है।

## गणतंत्र दिवस पर खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जरमुंडी ।** जरमुंडी मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में 76 वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज पूरे शान से फहराया गया। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय मैदान में प्रगतिशील युवक संघ की ओर से खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 76 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख बसंती टुडू ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी।

## विद्यालय की छत गिरने से दो मजदूर घायल

**दुमका ।** जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुश पहाड़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक घटना घटी है। पुराने जर्जर विद्यालय भवन को तोड़ने के लिए दो मजदूर काजल देहरी उम्र लगभग 18 वर्ष तथा विवेक पुजार उम्र लगभग 17 वर्ष काम कर रहे थे कि अचानक से जर्जर विद्यालय भवन की छत नीचे गिर गई ।

# एसकेएमयू : यूजी सत्र 2022-26 के फेल छात्र अब रेगुलर परीक्षा में शामिल होकर पेपर को कर सकेंगें पास

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने एनईपी के तहत यूजी सत्र 2022-26 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उक्त सत्र में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी अब नियमित सेमेस्टर परीक्षा के साथ परीक्षा फॉर्म भरकर अपने बैकलॉग पेपर पास कर सकते हैं। इस संबंध में शनिवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर से कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर एक सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार यूजी सत्र 2022-26 के वैसे विद्यार्थी जो सेमेस्टर-1 या सेमेस्टर-2 में अनुत्तीर्ण, प्रमोटेड हुए हैं, वे आगामी नियमित सेमेस्टर के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। उक्त सूचना में उल्लेखनीय है कि परीक्षा फॉर्म भरते समय विद्यार्थी इस बात का ध्यान रखेंगे कि वे उसी सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरेंगे, जिसमें वे अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय के एनईपी नोडल पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से सेमेस्टर 1 एवं 2 का अंक पत्र उपलब्ध करा दिया गया है। इन्हें देखकर विद्यार्थी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि वे किस पेपर में अनुत्तीर्ण हुए हैं। वे जिस पेपर में फेल हुए हैं, उसे देख लें और जिस सेमेस्टर का वह विषय है, उसका फॉर्म भरकर छात्र अपने बैकलॉग पेपर पास कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बताया कि यूजी सत्र 2022-26 के फेल,प्रोमोटेड छात्रों के लिए कोई विशेष परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी, उन्हें अन्य सत्रों की नियमित परीक्षा के साथ ही अपने बैकलॉग पेपर क्लियर करने होंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि यूजी सेमेस्टर-2, सत्र-2023-27 के लिए परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है, जिसमें सत्र 2022-26 के फेल/प्रोमोटेड छात्र भी फॉर्म भर सकते हैं और जल्द ही यूजी सेमेस्टर-1, सत्र-2024-28 के लिए परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा, जिसमें सत्र 2022-26 के फेल,प्रोमोटेड छात्र भी फॉर्म भर सकते सकेंगें और इसी तरह अगर सत्र 2022-26 का कोई छात्र किसी अन्य आगामी सेमेस्टर में फेल,प्रोमोटेड होता है, तो उसे उसी सेमेस्टर की अगली नियमित परीक्षा में शामिल होकर अपने फेल पेपर को पास करना होगा।













